शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 78 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 14 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'संविधान के नाम पर झूठ का सहारा ले रही कांग्रेस'

## संविधान के नाम पर झूठ बोलना इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों के लिए फैशन बन गया: मोदी

**नई दिल्ली**
संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की रविवार को 133वीं जयंती है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले से ही एक माहौल बना दिया है। शुक्रवार को बाडमेर की सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. आम्बेडकर को भारत रत्न न देने के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से दलित और पिछड़ा विरोधी रही है और इसीलिए उसने डॉ. आम्बेडकर को सदैव अपमानित किया और उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया। भाजपा के वरिष्ठतम नेता और प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जब भी चुनाव आता है - संविधान के नाम पर झूठ बोलना इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों के लिए फैशन बन गया है। कांग्रेस ने बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को जानबूझ कर चुनाव हरवाया, उन्हें भारतरत्न नहीं मिलने दिया। कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की आज वे लोग मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ का सहारा ले रही है। यह मोदी ही है जिसने पहली बार देश में संविधान दिवस मानना शुरू किया, बाबा साहेब से जुड़े पंचतीर्थों का विकास किया है। इसलिए बाबासाहेब और संविधान का अपमान करने वाली कांग्रेस और उनके इंडी गठबंधन से सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेस को सजा देने का समय आ गया है।



'इंडी गठबंधन में शामिल एक और दल ने देश के खिलाफ बहुत खतरनाक ऐलान किया है। उन्होंने अपने घोषणापत्र में लिखा है कि हम भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे'

## कांग्रेस भारत को टुकड़े टुकड़े में बांटकर देखती है: मोदी



बाड़मेर के सपूत श्री भीखाराम मुंड ने कारगिल युद्ध में अपनी जीवन बलिदान दे दिया था और कांग्रेस कहती है कि राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता। जिस राजस्थान के घर-घर में कश्मीर में जन्में बाबोसा रामदेव की पूजा होती है, ये कांग्रेस उस राजस्थान से पूछती है कि कश्मीर का राजस्थान से क्या वास्ता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस की सोच है कि वह भारत को टुकड़े टुकड़े में बांटकर देखती है और हम उसमें एक समग्र भारत माता का रुप देखते हैं। उन्होंने अपने घोषणापत्र में लिखा है कि हम भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत जैसा देश जिसके दोनों तरफ पड़ोसियों के पास परमाणु हथियार हो, क्या उस देश में परमाणु हथियार समाप्त करना सही है? किस दबाव में कांग्रेस का यह इंडी गठबंधन भारत के परमाणु हथियार को समाप्त करना चाहते हैं? एक तरफ मोदी भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में जुटा है लेकिन वहीं इंडी गठबंधन वाले भारत को कमजोर देश बनाने का ऐलान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस की विभाजनकारी नीतियों पर लगातार हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस भारत माता के लिए हम अपने जीवन न्यौछावर कर देते हैं, ये कांग्रेस उसे सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा मानती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्थान की वीर भूमि में आकर धारा 370 हटने और कश्मीर राजस्थान के रिश्ते पर प्रश्न खड़े करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी देश की सुरक्षा के मुद्दे पर भी लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। वे कहते हैं कि कांग्रेस के लोग देश के सीमावर्ती गांवों को देश के आखिरी गांव कहते थे, हम उन्हें पहला गांव मानते हैं। देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण इन गांवों को कांग्रेस ने जानबूझकर विकास से वंचित रखते थे और कहते थे कि अगर इन क्षेत्रों का विकास होगा तो देश पर दुश्मन के हमले की आशंका बढ़ जाएगी।

## इंडी गठबंधन वाले भारत को कमजोर देश बनाने का ऐलान कर रहे हैं: पीएम



**पीएम** ने कहा कि किस दुश्मन के कलेजे में इतनी हिम्मत है कि वो बाड़मेर की सीमा में घुसकर कब्जा करने की सोच सके? हमारे लिए देश की सीमाएं यहां खत्म नहीं होती हैं, हमारे लिए देश यहां से शुरू होता है। प्रधानमंत्री मोदी चिंता जताते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल एक और दल ने देश के खिलाफ बहुत खतरनाक ऐलान किया है। उन्होंने अपने घोषणापत्र में लिखा है कि हम भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत जैसा देश जिसके दोनों तरफ पड़ोसियों के पास परमाणु हथियार हो, क्या उस देश में परमाणु हथियार समाप्त करना सही है? किस दबाव में कांग्रेस का यह इंडी गठबंधन भारत के परमाणु हथियार को समाप्त करना चाहते हैं? एक तरफ मोदी भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में जुटा है लेकिन वहीं इंडी गठबंधन वाले भारत को कमजोर देश बनाने का ऐलान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस की विभाजनकारी नीतियों पर लगातार हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस भारत माता के लिए हम अपने जीवन न्यौछावर कर देते हैं, ये कांग्रेस उसे सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा मानती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्थान की वीर भूमि में आकर धारा 370 हटने और कश्मीर राजस्थान के रिश्ते पर प्रश्न खड़े करते हैं।

## शाहजहां ने कोर्ट में कहा : ईडी हिरासत में डराकर बयान लिया गया है

**कोलकाता**
संदेशखाली मामले में गिरफ्तारी के बाद ईडी की हिरासत में मौजूद शेख शाहजहां ने भी तृणमूल के बाकी नेताओं की तरह दावा किया है कि उसे हिरासत में जबरदस्ती बयान देना पड़ा है। उसने कहा है कि ईडी अधिकारियों ने डरा-धमका कर बयान लिया है। शाहजहां के वकील जाकिर हुसैन ने शनिवार को बैंकशाल कोर्ट से कहा कि वह शाहजहां द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसी को दिया गया बयान वापस लेना चाहते हैं। इससे पहले भर्ती भ्रष्टाचार मामले में फंसे बालागढ़ के युवा नेता कुंतल घोष और राशन भ्रष्टाचार मामले में फंसे शंकर आध्या ने भी केंद्रीय जांच एजेंसी के खिलाफ यही शिकायत की थी। संदेशखाली मामले की सुनवाई शनिवार को बैंकशाल कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील अरिजीत चक्रवर्ती ने बैंकशाल कोर्ट में शाहजहां की न्यायिक हिरासत की अर्जी दी। उन्होंने दावा किया कि शाहजहां को पता है कि इस मामले में गवाही किसने दी। इसलिए अगर शाहजहां को अब रिहा कर दिया जाए तो मामले में मुश्किलें आ सकती हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील ने कोर्ट को यह भी बताया कि शाहजहां के पास कई गैर-आय संपत्तियां हैं। उस समय शाहजहां के वकील जाकिर ने अदालत में एक हस्तलिखित कागज पेश किया। उन्होंने अदालत को बताया कि उस कागज में शाहजहां का बयान है और वह इसे अदालत को बताना चाहते हैं। शाहजहां के वकील ने कोर्ट में दावा किया कि ईडी हिरासत में डरा-धमका कर शाहजहां से जबरन बयान दिलवाया गया था।

## बैसाखी पर सिख समुदाय का खंडेलवाल को आशीर्वाद

**नई दिल्ली**
बैसाखी पर्व के अवसर पर चांदनी चौक संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को राजधानी दिल्ली के कई प्रमुख गुरुद्वारों में अरदास कर देशभर में भाजपा की रिकॉर्ड सीटों से जीत की कामना की। सिख समुदाय ने जहां चांदनी चौक से खंडेलवाल को जीतने का आशीर्वाद दिया। वहीं, एक हजार से ज्यादा मातृशक्ति ने उन्हें समर्थन देने का वादा किया।

## प्रधानमंत्री मोदी की गेमिंग क्षमता से प्रभावित हुए युवा गेमर्स ने उन्हें 'नमो ओपी' दिया नाम



**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पीसी और वीआर गेमिंग की दुनिया में खुद को सराबोर करते हुए भारत के शीर्ष गेमर्स के साथ एक अनोखी बातचीत की। सत्र के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तेजी से विकसित हो रहे गेमिंग उद्योग के प्रति अपना उत्साह दिखाते हुए गेमिंग सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने जिन सात गेमर्स से मुलाकात की, उनमें तीर्थ मेहता (जीसीटीर्थ), पायल धारे (पायल गेमिंग), अनिमेश अग्रवाल (8बीठग), अंशु बिष्ट (गेमरफ्लीट), नमन माथुर (मॉर्टल), मिथिलेश पाटणकर (मिथपैट) और गणेश गंगाधर (एसक्रोसी) शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गेमिंग कम्युनिटी के इन बहुचर्चित लोगों की मुलाकात का पूरा वीडियो आज रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले 11 अप्रैल को इस मुलाकात का एक टीजर रिलीज किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात के दौरान मोबाइल, पीसी और वीआर गेमिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री का गेम नियंत्रण और उद्देश्यों की त्वरित समझ से युवा गेमर्स आश्चर्यचकित हो गए।

## रामेश्वरम कैफे बलास्ट - मुख्य आरोपितों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया



**नई दिल्ली**
**बेंगलुरु (कर्नाटक)** रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले के दो मुख्य आरोपितों मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा को आज एनआईए की विशेष अदालत ने 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इसके पहले उनका नियमित चिकित्सीय परीक्षण कराया गया था। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में गिरफ्तार दोनों संदिग्धों को ट्रांजिट रिमांड पर शुक्रवार को बेंगलुरु लाया गया था। इन्हें शनिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत के न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। एनआई ने आरोपितों एक मार्च को हुए विस्फोट में उनकी कथित भूमिका के लिए कल पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया था। एनआईए के अनुसार शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखे और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है। इस विस्फोट में 10 लोग घायल हुए थे। एनआईए ने इन दोनों संदिग्धों की गिरफ्तारी से पहले सूचना देने वाले को 10-10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड स्थित रामेश्वरम कैफे में 1 मार्च को दोपहर 1 बजे बम विस्फोट हुआ था। तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाला था। एनआईए ने 23 मार्च को दोनों संदिग्धों की पहचान कर ली थी।

## सीतारमण ने कोयंबटूर से भाजपा उम्मीदवार अन्नामलाई के लिए किया रोड शो



**कोयंबटूर/नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को तमिलनाडु के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष एवं कोयंबटूर से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार के. अन्नामलाई के लिए रोड शो किया। इस रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। इससे पहले निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के तिरुपुर में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) श्रमिकों के साथ बातचीत की। इस दौरान एक महिला ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में कहा कि ऐसी कई योजनाएं हमारे गांव में लाई गई हैं जिनसे लोगों को मदद मिल रही है। हम ऐसा पहली बार देख रहे हैं कि कोई वित्त मंत्री हमसे इस तरह बात कर रहा है। वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि स्वयं सहायता समूह की एक बैठक में सीतारमण ने उज्वला योजना के बारे में जानकारी हासिल की, जहां भाजपा की वानति श्रीनिवासन मुख्य अतिथि थी। उन्होंने वित्त मंत्री को बताया कि पहले हम खाना पकाने के लिए जंगल से लकड़ी काट कर लाते थे। धुंए की वजह से मेरे जैसे बहुत से लोगो को परेशानी होती थी, लेकिन अब हमारे गांव में 500 से ज्यादा परिवारों को उज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर मिल चुका है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि हम उनके आभारी हैं, जो यह योजना लेकर आए। वानति श्रीनिवासन ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत हमारे गांव में 300 से ज्यादा परिवारों को आयुष्मान भारत कार्ड मिल चुका है। हमारे गांव में 10 से अधिक लोगों का योजना के तहत ऑपरेशन किया गया है।

## हिमाचल प्रदेश की दो सीटों पर तय हुए कांग्रेस के उम्मीदवार



**नई दिल्ली**
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव से संबंधित कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक संपन्न हो गई। बैठक में हिमाचल प्रदेश और हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश की चार में से दो लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा हुई, इसमें मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस जल्द ही अपने उम्मीदवार की घोषणा करेगी।

शनिवार को हुई बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि मंडी लोकसभा सीट को लेकर दो-तीन नामों पर चर्चा हुई। पार्टी की राय है कि इस सीट से युवा चेहरे को उतारा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मंडी से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस विक्रमादित्य को उतार सकती है। बैठक के बाद हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने भी मीडिया से बातचीत में कहा कि हिमाचल की चारों लोकसभा सीट को लेकर चर्चा हुई। मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार का नाम जल्द ही घोषित किया जाएगा।

## विकसित भारत निर्माण के लिए भाजपा को वोट करेगी जनता: तीरथ

**देहरादून**
राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ विकास के बूते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विकसित भारत संकल्प के सिद्धी के लिए अबकी बार 400 पार करने की तैयारी में है। अंत्योदय, विश्व बंधुत्व एवं सर्वधर्म समभाव से भाजपा आम चुनाव की नैया पार लगाएगी और आने वाले समय में सनातन धर्म के मूल संस्कार और विचारधारा वसुधैव कुटुम्बकम्‍ को साकार करेगी। वहीं सनातन संस्कृति की रक्षा को प्रतिबद्ध भाजपा राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाएगी। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का, जो उत्तराखंड में भाजपा के प्रचार अभियान का जिम्मा संभाले हुए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि शक्ति-भक्ति से लबरेज भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता के बीच माहौल बताता है कि देश की तरह देवभूमि भी 400 पार की गारंटी दे रही है।

## आपदा के पैसे को लूटने का काम कांग्रेस ने किया : कंगना



**मंडी**
भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने शनिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए कहा हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस लूटपाट के बजाय कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई। आज हम पूछना चाहते हैं कि महिलाओं की 1500 की गारंटी कहां गई युवाओं को 5 लाख का रोजगार कहां गया? बागबानों ने अपनी फलों का दाम खुद तय करना था वह भी नहीं हुआ। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि अब फॉर्म भरो दौर फिर हिमाचल प्रदेश में आ गया है इससे हमे सतर्क रहना है झूठी गारंटी को पूरी करने के लिए झूठ फॉर्म बनाना कांग्रेस के नेताओं की पुरानी चाल है। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नए भारत निर्माण हेतु कदम से कदम मिलाकर चलना होगा भारत को विकसित भारत बनाने में पूर्ण योगदान देना होगा। कंगना ने कहा कि हमने हिंदू युवा महिला विरोधी कांग्रेस का अंश तक हिमाचल प्रदेश से खत्म करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता बार-बार पूछते हैं कि आपदा के समय भाजपा ने क्या किया।

हम बताना चाहेंगे कि केंद्र ने हिमाचल प्रदेश को 1782 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की इसके उपरांत 11000 घर प्रदेश के लिए स्वीकृत किए पर हम कांग्रेस से पूछना चाहते हैं कि आपने जो केंद्र से पैसा आया उसका क्या किया। कंगना ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आप सभी ने इस पैसे को मिल बांट कर खा लिया। इस पैसे को आपने जनता तक पहुंचने ही नहीं दिया कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है और जननी ही रहेगी।

# ब्लाक स्तरीय मतदाता जागरूकता पिक स्कूटी रैली को उपजिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

अखंड भारत संदेश

**स्कूटी पर बैठ कर एसडीएम ने रैली का किया नेतृत्व**




**करछना।** प्रयागराज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु ब्लॉक स्तरीय मतदाता जागरूकता पिक स्कूटी रैली हेतु एवं स्कूल चलो अभियान रैली,,नामांकन रैली शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मुंगारी,,करछना परिसर से प्रङ्कअङ्क की उपस्थिति में 11 रथों के साथ बैनर पोस्टर बैंड बाजा के साथ रवाना हुई उक्त रैली को उप जिलाधिकारी आईएएस जागृति अवस्थी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं रैली के उत्साहवर्धन हेतु स्वयं स्कूटी पर बैठकर बेन्दो चौराहे तक रैली के साथ-साथ रैली का नेतृत्व किया उक्त रैली में खंड शिक्षा अधिकारी करछना एवं बाल विकास पुष्टाहार परियोजना प्रभारी श्रीमती अर्चना साहू एवं स्वीप कार्यक्रम प्रभारी -क्षितीश तिवारी की उपस्थिति में 11 न्याय पंचायत के शिक्षिकाओं ने मतदाता जागरूकता पिंक स्कूटी रैली में प्रतिभाग किया इस अवसर पर जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार यादव,,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष रणधीर शर्मा,महामंत्री त्रिवेणी शंकर,,रुसदा नाहिद,प्रमिला शर्मा,,पूनम वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिव बहादुर, महामंत्री रवींद्र नाथ मिश्रा,मनोज मिश्र,, उत्तर परदेसी जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री पंकज श्रीवास्तव, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन श्रीमती निर्मल कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के छात्राएं और ग्राम सभा मुंगारी के ग्राम प्रधान मानवेंद्र प्रताप, कुलभूषण, न्याय पंचायत करछना एवं न्याय पंचायत घटवा के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# जसरा में निःशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

**जसरा।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रयाग संगम सेवा संस्थान द्वारा उपजिलाधिकारी बारा, खण्ड विकास अधिकारी जसरा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी जसरा के मार्गदर्शन में करायी जाने वाली निःशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पहले चरण की प्रतियोगिता प्रधानाचार्य डॉ० योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय पांडर, छीड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय धरा में सम्पन्न हुई। जिसमें कुल 370 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने बताया की यह प्रतियोगिता लगातार 16 अप्रैल तक सभी गावों में करायी जायेगी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गावों में छुपी प्रतिभाओं को उभारना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम जी त्रिपाठी, आलोक पाठक, सत्यम द्विवेदी, शनी शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, मनोज द्विवेदी, शिवांक शुक्ला, अरिंदम त्रिपाठी,मयंक ओझा, अविनाश त्रिपाठी, अखिल त्रिपाठी, करुणा सागर बिन्द, शांतनु मिश्रा, धनराज प्रजापती शांतनु मिश्रा, विजयराज प्रजापती आशीष मिश्रा, प्रदीप द्विवेदी, चंद्रशेखर द्विवेदी,आदि लोग मौजूद रहे।





# जीवन में चरित्र निर्माण एवं बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा जरूरी है : डॉ एस एस यादव

अखंड भारत संदेश




**करछना।** क्षेत्र के धरवारा स्थित जीएस अकादमी में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस मौके पर प्रधानाचार्य डा.एसएस यादव ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन में चरित्र निर्माण के साथ-साथ मानव समाज के बहुमुखी विकास और उन्नत नागरिक बनने के लिए बहुत आवश्यकता है।उन्होने स्कूल में शिक्षकों द्वारा बच्चों को जो जिम्मेदारी दी जाती है उसे अभिभावक घर पर पूरा कराएं। जिसपर सभी को ध्यान देने की जरूरत है जिससे बच्चे को स्कूल में अपना कोर्स पूरा करने में दिक्कत न हो। इस दौरान अभिभावको ने भी कई सुझाव देते हुए स्कूल के पठन पाठन पर संतोष जताया।प्रबंधक विनय प्रताप सिंह ने भी अभिभावकों द्वारा दिए सुझाव को अमल में लाने के लिए शिक्षकों से कहा कि नियमित देखभाल जरूरी है।इस मौके पर प्रबंधक विनय कुमार सिंह,उप प्रबंधक नीतू सिंह, विष्णु गोपाल पांडेय, सुजीत सिंह, नागमणि पांडेय, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अवनीश श्रीवास्तव, अनुज प्रताप सिंह, हर्ष सिंह, रत्नेश तिवारी, राघवेन्द्र, सुरेश सिंह, अल्का, सुनीता सिंह, नेहा मिश्रा, शिवानी सिंह, जयंती पांडेय,मनीषा शुक्ला, रश्मी श्रीवास्तव , नेहा, पलक आदि शिक्षक, शिक्षिकाए और बडी सख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूक रैली निकाल कर लोगों को किया प्रेरित



**मांडा।** क्षेत्र के नगर पंचायत भारतगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रेनू द्विवेदी व अंसार अहमद के अगुआई में हरी झंडी दिखाकर विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूक रैली निकाल कर लोगों को संदेश दिया कि सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले मतदान दो के बैनर तले भारतगंज के बाजारों में छात्र छात्राओं ने पैदल यात्रा की। विद्यालय के सहायिक अध्यापिका नीलम श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव में अपना शत प्रतिशत मतदान करे। इसी क्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयो के छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

# रैली निकालकर बच्चों ने लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**सहसों।** वि.खं. सहसों के प्राथमिक विद्यालय रूदापुर में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के माध्यम से शिक्षकों ने अभिभावकों से संपर्क करके मतदान के प्रति जागरूक किया। जागरुकता रैली निकालकर बच्चों ने मतदान के प्रति गांव वालों को प्रेरित करते अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। मतदान जागरुकता रैली में विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखे पोस्टर व बैनर के साथ बच्चों और अध्यापकों ने मतदान के प्रति वयस्क महिला, पुरुष एवं अभिभावकों को उत्साहित किया। इस मौके पर उपस्थित सभी अध्यापकों और बच्चों द्वारा सुनिश्चित सफल एवं संपूर्ण मतदान के लिए मतदाता शपथ भी ग्रहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जयलक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और मतदान हमारा सबसे बड़ा अधिकार होता है। सभी वयस्क व्यक्ति जो मतदाता हैं उन्हें मतदान के इस महापर्व में भागीदारी कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदाता जागरूकता रैली में अंतिमा सिंह, कमला देवी सहित आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




# विकास खंड मऊआइमा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने पिंक रैली निकाली




**मऊआइमा।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बी आर सी मऊआइमा विकास खंड मऊआइमा के नोडल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने पिंक रैली निकाली । मऊआइमा के खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी रैली को हरी झंडी दिखाकर स्वयं रैली में बी आर सी से हरिसेनगंज चौराहा से गांव मैं घर घर जाकर रैली के माध्यम से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया और मतदाताओं को बताया गया कि मतदान में आपका मत अमूल्य है इसलिए चुनाव के दिन बूथ पर जा कर मतदान जरूर से जरूर करें। इस मतदाता रैली में विकास खंड मऊआइमा की शिक्षिकाएं एवं नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। रैली में मुख्य रूप से नोडल शिक्षक नोडल लाल बहादुर यादव ,रामजी तिवारी फुलेश्वर यादव, अमर सिंह , पूनम यादव ममता ,अमृता, रंजना, हरविभा ,संध्या ,रेनू ,सीमा, स्वालेहा, रश्मि आदि शिक्षकों ने भाग लिए।

# उत्कृष्ट छात्रों का हुआ सम्मान, आईएएस जागृति अवस्थी ने दिए छात्रों को टिप्स

**वरिष्ठ पत्रकार सैयद आकिब रजा और आलोक श्रीवास्तव रहे कार्यक्रम के अतिथि, जेलर शैलेंद्र प्रताप ने भी छात्रों का बढ़ाया मनोबल**




**प्रयागराज।** नैनी स्थित बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में में कई छात्र छात्राओं का सम्मान स्कूल प्रशासन के द्वारा किया गया । वित्तीय वर्ष 2023 -24 में जिन छात्र छात्राओं ने शिक्षा जगत के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त किया है उनका सम्मान मुख्य अतिथि आई ए एस जागृति अवस्थी एवं नैनी सेंट्रल जेल के जेलर शैलेंद्र प्रताप और वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद आकिब रजा और आलोक श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। बेथनी कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर शमिता ने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि आज जिन बच्चों का सम्मान किया गया है उसमें उनके अध्यापक और अभिभावकों की भी कड़ी मेहनत है। करीब 2 घंटे चले इस आयोजन में स्कूल के बच्चों द्वारा कई रंगा रंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। आईएएस जागृति अवस्थी ने कहा कि हर छात्र को अपने लक्ष्य के बारे में सोचना चाहिए कि उसको आगे चलकर क्या बनना है । जब वह लक्ष्य पर ध्यान देगा तो चुनौतियां आएगी और चुनौतियों के बाद सफलता जरूर आती है। कार्यक्रम के अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद आकिब रजा ने भी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सफलता और असफलता जिंदगी के पहलू हैं इसलिए सफलता पाने के लिए प्रयास हमेशा करना चाहिए असफल होने पर भी कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है इसलिए प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए मंजिल जरूर मिलती है। वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद आकिब रजा भी बेथनी कॉन्वेंट स्कूल के छात्र रह चुके हैं ।इस दौरान उन्होंने अपने स्कूल के दिन को याद करते हुए अपने अनुभव सांझा किए। वरिष्ठ पत्रकार आलोक श्रीवास्तव ने भी बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

## न्यूज झरोखा

# जसरा में शिक्षकों व बच्चों के साथ निकाली गई जागरूकता रैली




**जसरा।** आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शनिवार को श्री लाल चन्द्र इंटर कॉलेज जसरा के प्रधानाचार्य डॉ० प्रेम प्रकाश सिंह शिक्षकों व बच्चों के साथ रैली निकाल कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियों पर पहले मतदान, बाद में खान पान। बनो देश के भाग्य विधाता,अब जागो प्यारे मतदाता। आओ चुनें अपनी सरकार, करें मतदान फिर इस बार। गांव शहर तक यही संदेश पहुंचाना है, मतदाता बनने के लिए जागरूक बनाना है। उम्र अठारह पूरी है, मतदान बहुत जरूरी है के साथ-साथ पास पड़ोस के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक व शत प्रतिशत मतदान करने का अनुरोध किया। रैली विद्यालय से निकलकर पूरे जसरा बाजार में घुमाई गई। बताते चलें कि विगत लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर वोटरों को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने कालेज के अठारह वर्ष के बच्चों को इस बार अवश्य मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शिक्षक डा०चक्रधर द्विवेदी, विश्वनाथ प्रताप सिंह,मुनेश बाबू, गणेश प्रसाद गुप्त,राजेन्द्र बाबू, नर्मदा प्रसाद यादव, सूर्य प्रकाश गुप्ता, अरूण केसरवानी, कमलेश त्रिपाठी सहित दर्जनों शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं ने चढ़ाया काली मां मन्दिर परिसर में ध्वज



**मांडा।** चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन स्कंद माता के रुप में पूजी गई शनिवार को मांडा खास चौराहे पर स्थित काली मां के मन्दिर में श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ ध्वज फहराया। काली मां की भक्ति में डूबे युवाओं द्वारा भव्य जुलूस निकालते हुए मां काली के मंदिर में झंडा चढ़ाया। चौराहे पर स्थित मन्दिर में प्रसाद चढ़ाते हुए इस ध्वज को मंदिर ले जाया गया। जहा जुलूस में शामिल दर्जनों से अधिक भक्तो ने मां के जयकारे लगाए। लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज मांडा के पूर्व लिपिक अमर नाथ गौड़ के अगुआई में निकाली गई माता रानी के इस भव्य जुलूस में भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मौके पर मन्दिर परिसर के पंडा मुंदर माली, ब्लॉक कर्मचारी महेश गौड़, पारस नाथ गौड़ (नंदु), मूलचंद्र प्रजापति पूर्व प्रधान,गुड्डू गुप्ता, मनोज कुमार गौड़ रोशन लाल गौड़ आदि तमाम लोग माता रानी के दरबार में उपस्थिति दर्ज कराई।

# संविधान एवं आरक्षण बचाना है तो इंडिया गठबंधन को लाना होगा: उज्जवल



**करछना।** प्रयागराज समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक यमुनापार सपा जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए इलाहाबादझझांसी स्नातक एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि यदि आप लोग नहीं चेते तो यह देश का अंतिम चुनाव होगा तथा भाजपा सरकार आरक्षण एवं संविधान की धज्जियां उड़ा देगी। श्री यादव ने कहा कि महिलाओं, किसानों एवं नौजवानों तथा अल्पसंख्यकों पर इस सरकार ने खुला अन्याय किया लेकिन देश के प्रधानमंत्री मौन रहे। विशिष्ट अतिथि पद से संबोधित करते हुए मेजा विधायक संदीप पटेल ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए का जो नारा दिया है तथा जातीय जनगणना का जो मुद्दा उठाया है वह समाज के कमजोर वर्गों की भ्रांति को दूर करता है तथा भाजपा सरकार उन्हें गुमराह कर सत्ता पाने के लिए सब कुछ करने को तैयार है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर उज्जवल रमण सिंह पूर्व मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के आशीर्वाद पर आपके बीच में आया हूं। कांग्रेस का प्रत्याशी होने के बावजूद भी मैं हमेशा समाजवादी रहा और समाजवादियों के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूंगा। अध्यक्षीय भाषण में पप्पू लाल निषाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकजुट होकर बूथ स्तर पर अपने-अपने बूथ पर एक-एक मत डलवाकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें। कार्यक्रम को जिला महासचिव इंजी जगदीश यादव, जिला उपाध्यक्ष गण जयशंकर भारती, पप्पू इसराइल, रंजीत सोनकर, पूर्व प्रत्याशी कोरांव रामदेव निडर, विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेस बाबू, मेजा अध्यक्ष विजय राज सिंह, बारा अध्यक्ष भागीरथी बिंद, कोरांव अध्यक्ष सोमदत्त पटेल, बाबा साहब वाहिनी के राजू पासी, डॉ उमेश, कमलेश पुष्कर, गजेंद्र तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, दिनेश सोनी तथा फ्रंटल संगठनों से युवजन सभा जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष मंगला प्रसाद पाल, अनुसूचित प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष भारती, छात्र सभा अध्यक्ष मोहित यादव, यूथ बिग्रेड अध्यक्ष विमल किशोर, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष नीरेंद्र यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा, गीता पासी गुलाब कली आदिवासी, पूनम पटेल आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर बिंद ने किया। कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगी संदीप विश्वकर्मा, बबलू यादव, अमरचंद, बंटी यादव आदि रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ उमेश, प्रदीप निषाद, धर्मेंद्र यादव, महेंद्र सरोज, अनुज मिश्रा, मनोज सिंह, छोटेलाल शर्मा, डॉ मुस्तफा, डॉ अफजल, केशव विश्वकर्मा, महताब, रविंद्र जैसल, राजेश पांडे सहित जोन, सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया टैक्टर जल कर खाक



**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के नौवां गांव में शनिवार को सुबह गेहूं का बोझ टैक्टर ट्राली में लाद कर मड़ाई के लिए ले जा रहा किसान का टैक्टर ट्राली में ओवर लोड की वजह से ऊपर से गुजरी हुई हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से ट्राली में लदे गेहूं के बोझ में आग लग गई देखते देखते आग गेहूं के बोझ के साथ ट्राली में आग पकड़ ली आस पास के लोग आग बुझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी से आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक गांव निवासी नचकऊ भारतीया का टैक्टर ट्राली सहित व गेहूं का बोझ जल कर खाक हो गया।

# सोते समय युवक को मारी गोली, तीन को हुई जेल

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** इलाके के असवा उर्फ हाजीगंज गांव में बीती रात लगभग 1 बजे सोते समय एक युवक को अज्ञात बदमाशो ने गोली मार कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुन घायल के परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक बदमाश फरार हो चुके थे(

मामले में घायल युवक के पिता रामकुमार पटेल पुत्र बुद्धू ने सोराव थाने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है। मामले में पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। असवा उर्फ हाजीगंज निवासी रामकुमार पटेल का आरोप है कि उसका बेटा शैलेंद्र कुमार पटेल 45 साल शुक्रवार को खाना पीना खाकर घर के पीछे बने एक छप्पर में सो रहा था तभी शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे कुछ अज्ञात बदमाश चार पहिया वाहन से आए। गाड़ी को सड़क के कुछ दूर पर खड़ी करके पीछे सो रहे युवक के पास पहुंचे। तथा सोते हुए युवक को कमर के ऊपर गोली मार दी। घटना से युवक तड़पने लगा गोली की आवाज सुन परिजन मौके पर पहुंचे तब तक बदमाश भाग चुके थे। सूचना पर पहुंची सोरांव थाने की पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी सोरांव भेज दिए जहां डाक्टरों ने जिला हॉस्पिटल रिफर कर दिए। वादी रामकुमार ने सोरांव थाने पर अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर दिया। पुलिस ने शक के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। जुल्म कबूलने पर गांव के ही खुशदिल यादव उर्फ अमित यादव,हरिप्रताप यादव व शिवेंद्र यादव को विधिक कार्यवाही करते हुए शनिवार को जेल भेज दिए। थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है कि वादी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया और शक के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया, जुल्म कबूलने के पश्चात तीनों युवकों को जेल भेज दिया गया।

## मस्तान शाह बाबा सालाना उर्स मेला कल

**मांडा।** मस्तान शाह बाबा का 15 अप्रैल से आयोजित तीन दिवसीय 190 वां वार्षिक उर्स मेला हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। उर्स मेले में देश के विभिन्न प्रांतों व जनपदों से तमाम मशहूर व मारुफ शायर, शायरे इस्लाम व मौलाना आएंगे। मेला 15 से 17 अप्रैल तक रात में होगा। मांडाखास ग्राम पंचायत के भरारी लालगंज मार्ग के दो किमी पर स्थित हजरत बाबा मस्तान शाह के वार्षिक उर्स मेले के पहले दिन 15 अप्रैल सोमवार रात मौलाना सैफ उल्लाह अलीमी कलकत्ता, शोराए एजाम शकील आरफी फरूख्खाबाद, कारी जैनुल आब्दीन कानपुर, वाहिद अंसारी मालेगांव, महाराष्ट्र आदि शिरकत करेंगे। इस दिन जलसे की सदारद मुफ्ती अनस रजा खान बरेली व निजामत हाफिज शहीद रजा फरुर्खाबाद करेंगे। मंगलवार व बुधवार को महफिले शमा में कव्वाल कुतुबी ब्रदर्स दिल्ली तथा राजा सरफराज रामपुर पेश करने के लिए आमंत्रित किये गए हैं। जानकारी इंतेजामिया कमेटी के सदर शकील अहमद ने देते हुए आम आवाम से तीन दिवसीय उर्स मेले को सफल बनाने की अपील की है।

# राजेश खरे बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रणविजय सिंह बने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** राजेश खरे हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रणविजय सिंह कोषाध्यक्ष, सुमित कुमार श्रीवास्तव संयुक्त सचिव प्रशासन, अभिजीत कुमार पांडेय संयुक्त सचिव लाइब्रेरी और पुनीत कुमार शुक्ल संयुक्त सचिव प्रेस पद पर विजयी घोषित किए गए। आंचल ओझा ने रोमांचक मुकाबले में संयुक्त सचिव महिला पद पर जीत दर्ज की।मुख्य चुनाव अधिकारी वीएम जैदी, चुनाव अधिकारी विनोद कांत श्रीवास्तव एवं आरसी सिंह ने बताया कि शनिवार शाम को लाइब्रेरी हाल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन और संयुक्त सचिव लाइब्रेरी तथा कंदर्प नारायण मिश्र हाल में संयुक्त सचिव प्रेस, संयुक्त सचिव महिला और कोषाध्यक्ष पद के वोटों की गिनती पूरी हुई। चुनाव अधिकारी प्रभाकर अवस्थी, वशिष्ठ तिवारी एवं चंदन शर्मा के अनुसार वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजेश खरे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजेश्वर सिंह को 333 वोटों के अंतर से हराया। राजेश खरे ने 1322 और राजेश्वर सिंह ने 989 वोट प्राप्त किए। कमलेश कुमार द्विवेदी 934 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। कोषाध्यक्ष पद पर रणविजय सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अंजनी कुमार मिश्र को 356 वोटों से पीछे छोड़ा। रणविजय को 1792 और अंजनी को 1436 मत प्राप्त हुए। शिव प्रसाद यादव 1085 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# 2950 लीटर नाजायज शराब बरामद

### एयर पोर्ट थाना पुलिस ने घेरकर दो शराब कारोबारियों को पकड़ा




**प्रयागराज।** एयर पोर्ट थाना क्षेत्र के यमुना किनारे भारी मात्रा में शराब कारोबारियों के द्वारा अवैध कच्ची शराब बनाई जा रही थी। अवैध कच्ची शराब निर्माण करने वालों के खिलाफ स्थानीय थाना पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की गई है। मुखबिर खास के द्वारा सूचना मिलने पर एयर पोर्ट थाना पुलिस द्वारा घेरकर कच्ची शराब निर्माण करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया और उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। इस दौरान 2950 लीटर नाजायज शराब बरामद की गई है।लोक सभा चुनाव 2024 के मद्दे नजर रखते हुए पुलिस कमिश्नर प्रयागराज द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एयर पोर्ट थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह पुलिस बल के दिनांक 12.04.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर आबकारी टीम के साथ यमुना नदी के किनारे जलालपुर भर्ती में नैना बाबा मंदिर के पास पहुंच कर देखा गया तो अवैध कच्ची शराब की भठ्ठीयाँ जल रही थी और वही पर कच्ची शराब बनायी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस चारो तरफ से घेर कर 02 व्यक्तियों को भठ्ठी जलाते हुए ही पकड लिये तथा 04 व्यक्ति नाव का सहारा लेकर यमुना नदी के दूसरी छोर की तरफ भाग गये।थाना स्थानीय पर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। नन्हे निषाद पुत्र मिसिल निषाद उम्र 27 वर्ष, रमेश निषाद पुत्र स्व० शिवलाल उम्र 50 वर्ष, पुइया निषाद पुत्र चन्द्रपाल निषाद, राजू पुत्र चन्द्रपाल निषाद, राजबली निषाद पुत्र दरोगा निषाद, नन्हे निषाद पुत्र मिडूलाल निषाद निवासीगण जलालपुर भर्ती थाना एयरपोर्ट दिनांक 12.04.2024 को समय करीब 19.20 बजे यमुना नदी के किनारे शराब निर्माण कर रहे थे। वहीं से नन्हे निषाद पुत्र मिसिल निषाद उम्र 27 वर्ष व रमेश निषाद पुत्र स्व० शिवलाल उम्र 50 वर्ष निवासीगण जलालपुर भर्ती को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कायार्वाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तगणो को न्यायालय भेजा जा रहा है। फरार अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एयर पोर्ट थाना पुलिस तलाश में जुटी है।

# नगर क्षेत्र ने निकाली मतदाता जागरूकता पिंक रैली

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** शनिवार को स्वीप योजना के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता रैली( पिंक रैली) का आयोजन समय 8:30 बजे नगर क्षेत्र प्रयागराज में किया गया। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। आदरणीय बीएसए प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी जी के कुशल मार्गदर्शन में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह जी के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष, आईटी कोऑर्डिनेटर जिला/ नगर गाइड कैप्टन अनुरागिनी सिंह के दिशा निर्देशन में रैली डायट प्रयागराज से प्रारंभ हुई। यह रैली डाइट प्रयागराज से शुरू होकर सुभाष चौराहे पर रुकते हुए, जहां पर नुक्कड़ नाटक का के माध्यम से जन मानस को जागरूक किया गया पुनः रैली पत्थर गिरजाघर से निकल कर के एजी ऑफिस होते हुए महाराणा प्रताप चौराहे के पश्चात बीएसए ऑफिस की ओर बढ़ी, जहां पर सभी स्कूटी चालक महिला शिक्षिकाएं ने रुक कर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नारे लगाते हुए वहां लोगों को जागरूक किया। उसके पश्चात यह रैली विकास भवन पहुंची। विकास भवन के पास भी नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ। जहां पर भारी संख्या में लोग नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए उपस्थित रहे । तत्पश्चात कटरा के बीच से होते हुए नेतराम चौराहे पर जनमानस को जागरुक करते रैली चंद्रशेखर आजाद पार्क पर पहुंची। जहां पर रैली का समापन पुनः एक बार नुक्कड़ नाटक द्वारा किया गया। रैली 2 घंटे से अधिक तक शहर के सघन बस्तियों से होकर गुजरी। समापन के समय हमारे स्काउट गाइड के लोगों ने आदरणीय बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय व खंड शिक्षा अधिकारी महोदय को धन्यवाद देने के लिए धन्यवाद ताली बजवाई। रैली बहुत ही शानदार रही । हमारे सभी शिक्षक साथी जोश से भरे हुए थे और मतदाता जागरूकता के नारों से पूरे शहर को गुंजायमान कर रहे थे रैली बहुत ही शानदार रही सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी शिक्षिकाएं गुलाबी रंग के वेस्टन में वह सभी के स्कूटी पर मतदाता जागरूकता पोस्टर व हाथों में स्लोगन तख्तियां रहीं सभी स्कूटी गुलाबी रंग के गुब्बारे से सजी-धजी थी इस रैली में बहादुरपुर ब्लॉक से भी शिक्षिकाएं उपस्थित रही। नगर गाइड कैप्टन श्रीमती अनुरागिनी सिंह जी मतदाता जागरूकता के नारों से लोगों में जोश भर रही थी नगर क्षेत्र से लगभग सभी स्कूटी चालक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया किया जिसमें मुख्य रूप से कल्पना शुक्ला ,ललिता तिवारी ,सरिता सिन्हा ,दीप्ति श्रीवास्तव, पूनम भास्कर, रिशि, ज्योति कैथवास, संगठन के पदाधिकारी के साथ पूनम सिंह,आशा उमराव, मधुलिका यादव, सुधा गुप्ता, कल्याणी कुशवाहा ,गायत्री ,मंजू, ज्योत्सना , लता चतुर्वेदी ,निशा पटेल, शिखा टंडन रंजीता, संध्या पुरी मोनिका श्रीवास्तव जिला गाइड कैप्टन प्रवीण सिंह, डॉ मिनी ओहरी , गजल शबनम, रेखा, श्रद्धा, रेखा, प्रेम नारायण, उमेश चंद्र, डॉ अनीता वर्मा स्काउट गाइड कैप्टन समेत भारी संख्या में शिक्षिकाएं ने उपस्थित होकर रैली में जोश खरोश के साथ प्रतिभाग किया। रैली के समापन के पश्चात अनुरागिनी सिंह द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# समय के साथ कदम मिला कर चलने से मिलती है सफलता : योगेन्द्र सिंह यादव

### मीत ब्रदर्स की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**नैनी।** नैनी युनाइटेड ने हर्षोल्लास के साथ मनाया संस्थापक दिवस। जीवन का सबसे कीमती चीज समय है। इसका सही उपयोग करें। समय के साथ कदम मिला कर चलने वाले को ही सफलता मिलती है। उक्त विचार कारगिल युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देने वाले परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव ने शनिवार को यूआईटी कैम्पस, नैनी में यूनाइटेड ग्रुप द्वारा स्वर्गीय शिव राम दास गुलाटी की स्मृति में आयोजित संस्थापक दिवस के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रयागराज के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए पर्पज, पैशन और परफॉर्मेंस बहुत ही जरुरी है। कहा कठिन परिस्थितियों से घबरा कर हार नहीं माननी चाहिए। मुख्य अतिथि ने यूनाइटेड द्वारा वीर नारियों और मेधावी छात्र-छात्राओं के सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए किये जा रहे प्रयासों को भी सराहा। श्रोताओं को कारगिल युद्ध से जुड़े कुछ अदम्य शौर्य और साहस के किस्से भी सुनाये। बताया कि टाइगर हिल पर कब्जा पाने के लिए भारत मां के सपूतों को किन मुश्किल हालातों का सामना करना पड़ा और कितने बड़े-बड़े बलिदान देने पड़े। समारोह का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य के साथ हुआ। यूनाइटेड ग्रुप के चेयरमैन जीजी गुलाटी एवं वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए चयेमैन ने समारोह में आये सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का स्वागत किया। उन्होने यूनाइटेड ग्रुप के संस्थापक द्वारा देखे गए समाज कल्याण के सपनों को साकार करने के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। प्रेसिडेंट डॉ जगदीश गुलाटी ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है यूनाइटेड प्रत्येक वर्ष अपने संस्थापक की स्मृति में यह समारोह आयोजित करता है। वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी ने संस्थापक दिवस के उद्देश्य के बारे में बताया। कहा कि संस्थापक दिवस देश की वीर नारियों के बलिदान और मेधावियों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। फिलिपींस की मारियानो मार्कोस स्टेट यूनिवर्सिटी ( एमएमएसयू) की प्रेसिडेंट डॉ शर्ली सी एग्रुपिस ने अपने विचार रखे। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यूनाइटेड द्वारा किये जा रहे प्रयास उत्साहवर्धक हैं। इस अवसर पर कुल 15 वीर नारियों को राष्ट्र के लिए उनके त्याग और बलिदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रयागराज के 55 विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से आये मेधावी छात्रों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। वाइस प्रेसीडेंट गौरव गुलाटी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। यूजीआई के कल्चरल हेड डॉ अजय शर्मा की देखरेख में संस्थापक दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। यूआईटी की सीआरसी हेड श्रुति शर्मा एवं सीआरटी के फैकेल्टी प्रदीप सेन गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर यूनाइटेड ग्रुप की सीईओ मोना गुलाटी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विंकेश गुलाटी, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो एएम अग्रवाल, प्रिंसिपल्स, संकाय सदंस्य, सहित यूनाइटेड परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। मीत ब्रदर्स की शानदार प्रस्तुतियों ने मचाया धमाल, बेबी डॉल चिट्टियां कलाइयां पर खूब थिरके युवा संस्थापक दिवस का विशेष आकर्षण यूआईटी परिसर में सांय 7 बजे से आयोजित जाने-माने कलाकार मीत ब्रदर्स की शानदार संगीतमय प्रस्तुतियां रहीं। इस जोड़ी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दी। अपनी ऊर्जा और धुनों के साथ मीत ब्रदर्स ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेबी डॉल मैं सोने दी चिट्टियां कलाइयां और लेम्बोर्गिनी जैसे हिट सिंग्लस की ऊजार्पूर्ण प्रस्तुतियों ने युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। हाई बीट और रंग-बिरंगी रोशनी के बीच कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने दोस्तों संग खूब धमाल मचाया। पियूष मेहरोलिया व खुशबू ग्रेवाल के गानों ₹जुदा हो के भी तू₹ मैं रंग शर्बतों का, बिल्लो रानी, अपना बना ले मेरी जान, मैं तेरा ब्वाय फ्रेंड का भी श्रोताओं ने खूब आनन्द उठाया। इन संगीतमय प्रस्तुतियों का आनन्द कैंपस में उपस्थित हर वर्ग के श्रोताओं ने उठाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान, मीत ब्रदर्स अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ श्रोताओं से जुड़े रहे। यूजीआई के छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा।

# देवरख में पाइपलाइन लीकेज होने के कारण आवागमन में लोगों को दिक्कत हो रही है





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी के अरैल में शिवनगर देवरख रोड पर जल निगम की पाइपलाइन लीकेज होने के कारण आवागमन में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है इस समय पीडब्ल्यूडी के द्वारा नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो बिजलाल पांडे निवासी देवरख रोड शिवनगर तिराहा के आगे चार-पांच महीने से पाइपलाइन लीकेज है लेकिन अभी तक अधिकारी कर्मचारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख में बताया इस रोड की मरम्मत पीडब्ल्यूडी द्वारा की जा रही है अगर ऐसे में सड़क का निर्माण हो गया तो कितने दिन सड़क चलेगी यह कहना मुश्किल होगा जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से मेरा निवेदन है कि लीकेज बनने के बाद ही सड़क का निर्माण किया जाए जिससे सरकार का पैसा बर्बाद ना हो सके आक्रोश व्यक्त करने वालों में मनोज साहू विज लाल पांडे राकेश कुमार सुशील शुक्ला शंकर भारतीय बाबूजी यादव संजय श्रीवास्तव नागरिकों ने पहले लीकेज बनवाकर के तब सड़क निर्माण करने की मांग की।

# रुपए दोगुने करने का झांसा देकर 1.29 लाख ठगे

### साइबर अपराधियों ने ट्रेडिंग के नाम पर की जालसाजी, जार्जटाउन में दर्ज हुआ केस

**प्रयागराज।** साइबर ठग शहर में हर रोज किसी ने किसी को अपना शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला ट्रेडिंग के नाम पर रुपये दोगुना करने का लॉलच देकर ठगी का है। जार्जटाउन थान क्षेत्र के सोहबतियाबाग के रहने वाले प्रशांत कुमार को झांसा देकर साइबर ठगों ने चार बार में 1.29 लाख रुपए उड़ा दिए। मोबाइल नंबर के आधार पर प्रशांस ने जार्जटाउन थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है। प्रशांत ऑनलाइन ट्रेडिंग से जुड़े रहे हैं। इसी का फायदा उठाते हुए साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल नंबर सर्च किया। फिर कॉल कर उन्हें समझाने लगे कि इस प्रकार ट्रेडिंग करने पर दो लाख की रकम चार लाख में बदल जाएगी। प्रशांत उनके झांसे मे आ गए। जालसाजों ने कई बार में एकाउंट में रुपए ट्रांसफर करा लिए। रुपए दोगुना नहीं होने पर प्रशांत ने विरोध किया तो ठगों ने और रुपए का चूना लगाने की नई तरकीब निकाली।

**रुपए लौटाने को और रकम मांगी**

पहले प्रशांत से लिए गए 1.29 लाख रुपए दोगुने नहीं हुए तो प्रशांत शिकायत करने लगे। तब ठगों ने कहा कि अब 1.65 लाख रुपए देने पर चार लाख रुपए मिल जाएंगे। वह फिर से कॉल करने लगे कि जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई हो जाएगी। प्रशांत सचेत हो चुके थे इसलिए और रुपए नहीं दिए। प्रशांत ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो शातिरों के मोबाइल बंद हो गए। इसके बाद जार्जटाउन थाने में केस दर्ज हो गया। प्रशांत का कहना है कि 9000, 32000, 50000, 38000 करने के कई बार रुपए मंगाए गए। रुपए खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर हुआ जिसका रिकॉर्ड उनके पास है।

# नौकर बना 8 करोड़ का मालिक


**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अतीक के करीबियों के घर सफाई कर्मी रहे श्याम जी सरोज के नाम पर 8 करोड़ से अधिक की संपत्ति का पता चला है। रजिस्ट्रियां, जमीन के दस्तावेज, बैंक खाते, बाउंस चेक, हलफनामा आदि बरामद होने के बाद पुलिस छानबीन में जुटी हैं। सफाई कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है।

**आठ हजार रुपए महीने तनख्वाह पाने वाले नौकर के नाम करोड़ों की जमीनें**

बेनामी संपत्तियों को सफाई कर्मी, नौकर के नाम कराकर करोड़ों रुपए का खेल खेला जा रहा था। जिन नौकरों के नाम इतनी संपत्तियों, बैंक खातों में लाखों रुपए रहे वह इन सबसे अंजान ही रहे। अब उन्हें खुद पता चला है कि वह करोड़पति हैं। यह मामला प्रयागराज में चर्चा का विषय बना हुआ है। आठ हजार रुपए प्रतिमाह पाने वाले श्याम जी सरोज के नाम नैनी, फूलपुर, हंडिया तहसील के कई गांवों में कीमती जमीने हैं। दस्तावेजों की जांच, बयान दर्ज कर पुलिस इन बेनामी संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी में है।

### अतीक-अशरफ के करीबियों की बेनामी संपत्तियों के राज खुले, सफाई कर्मी के नाम करोड़ों की जमीन



**नौकर के शिकायत करने पर फजीवाड़े का पता चला**

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोराली के रहने वाले श्याम जी सरोज ने अतरसुइया थाने में जावेद खान, कामरान अहमद, फराज अहमद खान, शुक्लाजी और अज्ञात पर केस दर्ज कराया है। श्याम जी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पंद्रह साल से जावेद, कामरान, फराज के घर सफाई कर्मी के तौर पर काम करता है। यह सभी माफिया अतीक, अशरफ के करीबी हैं। आरोप लगाया कि अतीक-अशरफ के साथ मिलकर जावेद, कामरान व अन्य ने प्रयागराज के विभिन्न इलाकों में स्थित जमीनों को उसके नाम पर बैनामा करा दिया। आरोप लगाया कि यह लोग कागजों पर हस्ताक्षर करा लेते थे। बैंक एकाउंट खुद खुलवाया और पासबुक आदि रखे रहे।चेकों पर पहले से साइन कराकर रख लिया। श्याम जी का आरोप है कि उसे रानीमंडी के एक होटल में अगवा कर बंधक बनाकर भी रखा गया। श्याम जी का कहना है कि उसे कुछ बातों को एहसास हुआ तो अतीक-अशरफ के नाम पर धमकी दी गई। मारापीटा गया और कई कागजों पर साइन करा लिया गया। श्याम जी की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

जब अपने नाम पर ज्यादा प्रॉपर्टी हो गई तो नौकरों के नाम पर कर दिया

माफिया अतीक के कई करीबियों ने जमीनों का खेल बहुत ही सोची समझी रणनीति के तहत खेला। अपने और परिवार के नाम जब ज्यादा जमीनें हो गईं तो इन शातिरों ने नौकरों के नाम बेनामी संपत्तियां करानी शुरू कर दीं। दलितों की जमीन खरीदने, बेचने का खेल भी ऐसे ही किया गया। साथ ही विवादित जमीन, स्टेट लैंड, सिलिंग वाली जमीनें, वक्फ बोर्ड की जमीनों को करोड़ों रुपये में बेचा गया। रजिस्ट्री नौकरों के नाम से कराई गई। अबकी बार पुलिस ने गहन जांच की। कई टीमें लगीं तो पूरा मामला सामने आने लगा।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया गया संदेश




**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय करछना से शिक्षक-शिक्षिकाओं, बीएलओ एवं बच्चों के द्वारा उपजिलाधिकारी करछना की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसके द्वारा लोगो को 25 मई को होने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जिला अपराध निरोधक कमेटी के सौजन्य से श्रीलाल चंद्र इण्टर कालेज जसरा में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ जागरूकता रैली तथा आईईआरटी प्रयागराज में भी लोगो को मतदाता की शपथ दिलाकर लोगो को मतदान करने हेतु जागरूकता किया गया। डीआरएम पब्लिक स्कूल कटहुला में छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में राजकीय इण्टर कालेज नारीबारी में भी पिंक रैली निकाली गयी।

# श्रद्धा के साथ मनाया गया बैसाखी व खालस प्रकट दिवस

## गुरुद्वारा गुरुनानक शाही बाबागंज में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुरुद्वारा गुरुनानक शाही बाबागंज में खालसा प्रकट दिवस व वैशाखी का पर्व बड़े ही प्यार व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के प्रमुख ज्ञानी विपिन सिंह ने अपनी ओजस्वी वाणी से गुरु वाणी शबद कीर्तन गायन किया व वैशाखी का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते कमेटी के लोग।

उन्होंने बताया कि आज से 325वर्ष पूर्व 16999 को श्री गुरु गोबिंद सिंह ने श्री आनंदपुर साहिब में एक विशाल मीटिंग दौरान हाथ में नंगी तलवार लिए एक सीस की मांग की जो गुरु के भेट करे, इसी तरह बारी बारी पांच सिर लिए और जो बाद में पांच प्यारो के रूप में प्रकट किये और पंच प्यारो को अमृत और कहा खालसा मेरो रूप है खास खालसे में हऊ करो निवास। साढे. दस बजे अरदास हुई। इसी के साथ आओ बनिए गुरसिख प्यार टी वी गुरमत क्विज शो के सीजन 32 के पहले प्रतिभागी सरदार परवीदर सिंह जो दिल्ली यहां परिवार सहित पधारे उन्होंने वर्ड प्रीमियर शो में टाइटल जीता। यहां आओ बनिए गुरसिख प्यारा टीम के क्वाडिनीटर सरदार मंजीत सिंह गोबिंद के नेतृत्व में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से उन्हें सिरोपा, ट्राफी, मेडल, श्री दरबार साहिब जी का चित्र, एवम मेरी तरफ दस गुरुओं की जीवनी की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पर उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का धन्यवाद किया। साढे.ग्यारह बजे ज्ञानी विपिन प्रीत सिंह ने नवजात शिशुओं को अमृत छकाया एवम बच्चो का नाम करन भी हुआ। अंत में सभी ने एक पात में बैठ कर लंगर छका व एक दूसरे को बधाई दी। साढे.बारह बजे एक रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमें बहुत से लोग ने रक्त दान किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी संगतों का धन्यवाद किया।

## बाजार में सब्जी खरीदने आए आधा दर्जन के मोबाइल चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए लगभग करीब आधा दर्जन लोगों के मोबाइल फोन चोरी हो गए। इससे बाजार में हड़कंप मच गया। बता दें कि महेशगंज थाना क्षेत्र के आज़ाद नगर बाजार मे लगने वाले साप्ताहिक बाजारों से पांच लोगों के मोबाइल फोन चोरी होने घटना सामने आ रही है। भुक्तभोगी बाजार में अपने मोबाइल फोन की तलाश में भटकते नजर आये। थाना क्षेत्र मे आज़ाद नगर बाजार मे शुक्रवार और मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगती हैं। बाजार परिसर मे अज्ञात चोरों ने करीब आधा दर्जन लोगों के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। आज़ादनगर बाजार मे काफ़ी अरसे से सक्रिय चोरों ने बदगवां गांव के प्रकाश यादव के साथ गिस्था गांव के एक लोग का भी मोबाइल उड़ा दिया। प्रकाश यादव ने बताया कि वह बाजार में सब्जी खरीदने गए थे। मोबाइल चोरों ने बड़ी सफाई से उनका मोबाइल पार कर दिया। आजाद नगर बाजार वासियो से मिली जानकारी के अनुसार अन्य लोगों के भी मोबाइल चोरी होने की जानकारी मिली।

# 23 बाल वैज्ञानिक इंस्पायर अवार्ड हेतु चयनित, मिलेगी पुरस्कार राशि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार एवं राष्ट्रीय नवप्रवर्तन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक 2023-24 में जनपद प्रतापगढ़ के 23 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। इंस्पायर अवार्ड के जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार निलय ने बताया कि प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को पुरस्कार स्वरूप 10 हजार रूपये की धनराशि प्रदान की जाती है।

इसप्रकार जनपद के विद्यार्थियों को 2 लाख 30 हजार रूपये प्राप्त हुए हैं। चयनित 23 विद्यार्थियों में से सर्वाधिक चार विद्यार्थियों का चयन राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव प्रतापगढ़ से हुआ है। प्रतियोगिता में एक विद्यालय से कक्षा 6 से 10 तक के अधिकतम 5 विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया जा सकता है।



प्रमाण पत्र के साथ सराय आना देव के चार बाल वैज्ञानिक।

### राष्ट्रीय फलक पर चमके राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव के चार बाल वैज्ञानिक

जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव प्रतापगढ़ के विज्ञान शिक्षक व इंस्पायर अवार्ड जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार निलय को उनके विद्यालय से सारा सिंह, खुशी सिंह, कोमल विश्वकर्मा एवं अश्वनी कुमार तिवारी के इंस्पायर अवार्ड में चयनित होने एवं विद्यालय के माध्यमिक कक्षाओं (कक्षा 9 एवं 10) में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक चयन देने वाले विद्यालयों की सूची में स्थान प्राप्त करने हेतु बधाई देते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गर्व का विषय है कि 23 बाल वैज्ञानिकों को इंस्पायर अवार्ड हेतु चयनित किया गया है। पं0दीनदयाल रा0इ0का0 महेवा मलकिया, राजकीय हाई स्कूल शीतलपट्टी, पीबीइ कालेज, जीजीआईसी पट्टी, साकेत गर्ल्स कॉलेज, अब्दुल कलाम इं0कॉलेज, ग्राम विकास इंटर कॉलेज देल्हूपुर, स्व0 भगवती प्रसाद इंटर कालेज तिलौरी, पृथ्वीपाल इंटर कालेज, इंटर कॉलेज वीरापुर, जगदीश इं0 कॉलेज कुंडा, आरआरकेइं कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर व पांडेय का पुरवा से एक एवं बजरंग इंटर कालेज व उच्च प्राथमिक विद्यालय मरूआन से दो विद्यार्थियों का चयन इंस्पायर अवार्ड हेतु हुआ है।

# सरल व सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ बीरेंद्र कुमार मिश्र

### प्रथम पुण्यतिथि पर कालेज में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में प्रथम पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य के उद्बोधन एव माल्यार्पण से हुआ।



डा0 बीरेन्द्र मिश्र को श्रद्धांजलि देते कालेज के पदाधिकारी।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकों द्वारा स्वर्गीय डॉ बीरेंद्र कुमार मिश्र के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते सभी ने व्यकितत्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।अपने उद्बोधन मे प्राचार्य मिश्र ने कहा कि डॉ साहब एक सरल सौम्य व्यकितत्व के धनी कालेज के अध्यक्ष थे, उनका असामयिक चले जाना हम लोगो के लिए एक दुखद है।इसी क्रम में प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार मिश्र सैन्य विज्ञान विभाग ने कहा कि अध्यक्ष जी एक सूझबूझ जुझारू व्यक्ति थे जिनकी भरपाई अब सम्भव नही है। कार्यक्रम में डॉ ऋचा पांडे, डॉ आलोक दुबे, डॉ संतोष मिश्र, डॉ निशान्त पांडे, डॉ अभिषेक, डॉ शैलेन्द्र सरोज, डॉ शिवकुमार, डॉ महेश, डॉ श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 एश्वर्य, डॉ वाचस्पति मिश्र, वक्षा घोष ओझा, संतोष दुबेदी, अरविंद मौर्य, गोविंद अम्बेडकर सहित सभी सुधी जनों ने अपने अपने विचार रखे। उक्त सूचना डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र जनसूचनाधिकारी हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज ने दी।

# बच्चे कमल की पंखुड़ियों के समान होते हैं: प्रोफेसर

### डी0 आर0 एम0 कॉन्वेंट जूनियर हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** डी0 आर0 एम0 कॉन्वेंट जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के अध्यक्ष क्षेत्र के विशिष्ट शिक्षक इंद्रमणि सिंह जी एवं विद्यालय के प्रबंधक हितेश गुप्ता और प्रधानाध्यक जमुना प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। तदपश्चात छात्रा शगुन शुक्ला, शिवानी पाल, आराध्या मिश्रा और आरुषि सिंह द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया, जिसमें अन्य बच्चों द्वारा संकृतिक कार्यक्रम के साथ साथ स्वतंत्रता सेनानियों के कार्यों पर लघु कथा प्रस्तुत की गई।



वार्षिकोत्सव में मौजूद मुख्य अतिथि व आयोजकगण।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डाक्टर आर0 डी0 चैधरी प्राचार्य डॉ राजेश्वर सेवा श्रम डिग्री कॉलेज ढिंढूई पट्टी प्रतापगढ़ ने विद्यालय के शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की बच्चे कमल की पंखुड़ियों के समान होते है। इस लिए शिक्षकों को चाहिए की बच्चों को तनाव मुक्त माहौल में शिक्षा दें और उनको तनाव से हर संभव दूर रखें। क्योंकि पढ़ना सीखने के लिए मस्तिष्क के अलग अलग भागों के एक साथ कार्य करने की अवश्यता होती है।आप अभिभावकों को भी निर्देशित किया की बच्चों पे अनावश्यक दबाव न बनाए, क्योंकि कोई भी बच्चा जब प्रसन्न चित अवस्था में सीखता है तो वह ज्ञान सर्वोपरि होता है और स्थाई भी रहता है। बतौर विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रामगंज पट्टी राकेश सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु चतुर्मुखी विकास को अति अवश्यक बताया और इसके हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की। प्रोफेसर डॉक्टर प्रसेन जीत सागर विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग डॉक्टर राजेश्वर सेवा श्रम डिग्री कॉलेज ने बताया की नई शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में एक बहुत ही सफल और सकारात्मक प्रयास है जिसके देश का भविष्य उज्जवल होगा और विश्व में शिक्षा के क्षेत्र में भारत अग्रणी होगा। विद्यालय के प्रधानाध्याक ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए वचनबद्ध हुए। कार्यक्रम में रमाकांत यादव, अजय यादव, प्रमोद सोनी प्रधान सैफाबाद, गिरीशचंद्र जयसवाल जिला पंचायत सदस्य, जहांगीर खान, रेनू यादव प्रबंधिका राजहर्षित इंटर कॉलेज पर्वतपुर, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथिगण का विद्यालय के सबसे वरिष्ट अध्यापक इंद्रदेव पूरी ने आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन सलमान मुरैनी ने किया।

## सहायक पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव में सकुशल मतदान की सम्पन्नता तथा मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर सहायक पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। एएसपी पश्चिमी संजय राय ने चुनाव में बनने वाले मतदान केन्द्रों प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर गुलरहा, प्राथमिक विद्यालय पतुलकी, प्राथमिक विद्यालय तिलौरी आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एएसपी ने ग्राम प्रधान एवं अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के कुंडा कोतवाली उपनिरीक्षक गिरीशधर दूबे अपने हमराही के साथ क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के दिलेरगंज के पास अदनान पुत्र हसनैन निवासी ग्राम मरियाडीह थाना पुरामुफ्ती जनपद कौशाम्बी के पास अवैध रूप से एक तमंचा व जीवित कारतूस 315 बोर बरामद किया उक्त बरामदगी के सम्बंध में पुलिस ने 100/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

## सीओ समेत पुलिसकर्मियों पर हमला करने का एक और आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं के आरोपी को दबोचने में सफलता ली है। शनिवार को दरोगा कबीरदास फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। मुखबिरी सूचना पर पुलिस ने कटरा दुग्धा गांव में दबिश देकर गांव के मुकदमें में आरोपी शिवकरन वर्मा के पुत्र वीरेन्द्र को उसके घर के समीप से धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में करीब माह भर पहले दुर्घटना को लेकर मार्ग जाम के तहत पुलिस टीम पर हमले का केस दर्ज है। घटना में सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर समेत कई पुलिसकर्मियों को चोटें आयी थी। पुलिस के द्वारा आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व सरकारी कामकाज में बाधा तथा पुलिस पर हमले समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोपहर आरोपी को जेल भेज दिया।



मुख्य अतिथि के साथ मौजूद प्राचार्य।

# कुक्कुट पालन एवं प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे कृषि संकाय द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ दिनेश कुमार यादव पशु स्वास्थ्य वैज्ञानिक (नेपाल कृषि अनुसंधान परिषद काठमांडू नेपाल) तथा साथ में विशेष अतिथि विशाल यादव कृषि प्रसार विभाग आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या ने कृषि संकाय के विद्यार्थियों को कुक्कुट पालन एवं प्रबंधन पर विशेष मुद्दो पर चर्चा किए। कार्यक्रम का संचालन कृषि संकाय के आचार्य रणजीत सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव, प्रो रामकरण, प्रो सूर्यभान सिंह, प्रो डी सी आंनद, अनिल कुमार सिंह, आशुतोष कुमार यादव, नासिर जिलानी, एस पी सिंह, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद,आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा व सपा दोनों से राजा भइया निराश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के पूर्व मंत्री व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के लिये समाजवादी पार्टी ने कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र से पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज के पुत्र पुष्पेन्द्र को टिकट देकर अपने दरवाजे बातचीत के लिये बंद कर दिये हैं। ऐसे में राजा भइया को भाजपा और सपा दोनों ने निराश किया है। अब राजा भइया के सामने अपने जनसत्ता दल से कोई प्रत्याशी खड़ा करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा है।बता दें कि पिछले राज्य सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने सबसे पहले राजा भइया का सहयोग मांगा था लेकिन तब राजा भइया ने सपा को नजरंदाज कर भाजपा को समर्थन दे दिया था। शायद यही खुन्नस समाजवादी पार्टी को भी थी। उसने भी लोक सभा चुनाव में राजा भइया को नजरंदाज करते हुए अपना प्रत्याशी कौशाम्बी के लिये उतार दिया हैं बता दें कि प्रतापगढ़ सीट को लिये सपा पहले ही एसपी पटेल को उतार चुकी है। ऐसे में अब राजा भइया कौन सा कदम उठाएंगे? यह तो बाद में पता चलेगा लेकिन जानकार लोगों का कहना है कि उनके पास अब खुद का प्रत्याशी उतारने के अलावा अब कोई चारा नहीं बचा है। कौशाम्बी सीट पर अब मुख्य लड़ाई भाजपा से दो बार सांसद रहे विनोद सोनकर की समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सरोज से होगी। अगर राजा भइया का जनसत्ता दल से कोई प्रत्याशी उतरता है तो स्थिति में थोड़ा बहुत बदलाव होगा। प्रतापगढ़ और कौशाम्बी सीट पर बसपा ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा का प्रत्याशी उतारने पर स्थिति और साफ होगी। बता दें कि कौशाम्बी संसदीय सीट का चुनाव 20 मई को होगा।

> अब अपना जनसत्ता दल का प्रत्याशी उतार सकते हैं राजा भइया

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत चार घायल, दो मेडिकल कॉलेज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो बाइक में आमने-सामने जोरदार की टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक पर सवार चार लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा। जहां पर दो की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव के सत्यम (18) वर्ष पुत्र जगदीश विश्वकर्मा व अभिषेक पुत्र रामआसरे अपने साथी के साथ शनिवार की सुबह अमरगढ़ बाजार से घर के लिए निकले थे। अभी वह सदहा बाजार के पहले ही पहुंचा था कि पट्टी की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दूसरी बाइक पर सवार फूलचंद यादव (40) वर्ष व विजय सिंह (38) वर्ष भिखमपुर गांव के रहने वाले किसी काम से ढकवा बाजार जा रहे थे। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से पट्टी सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद फूलचंद यादव व अभिषेक की गंभी हालात के चलते जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं विजय सिंह व सत्यम विश्वकर्मा का इलाज पट्टी सीएचसी में चल रहा है।

# पीड़ित परिवारों की मदद के लिए बढे हाथ

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार की दोपहर शार्ट सर्किट के चलते में आग लग गई थी आग लगने के कारण कई परिवारों की गृहस्थी आग में जलकर राख हो गई थी मदद के लिए कई लोग के साथ सामाजिक संगठन ने अपना हाथ बढ़ाया है। आसपुर देवसरा इलाके के पिपरी गांव के हरि प्रसाद, नन्हेंलाल गौड़, राम शिरोमणि शर्मा, आशीष शर्मा, उदय राज शर्मा, रामसुख शर्मा, का आशियाना रविवार को आग से जलकर खाक हो गया था घर से बेघर हुए लोगों के मदद करने के लिए आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने पहल की पीड़ित परिवार की मौके पर मदद की थाना अध्यक्ष की मुहिम के चलते पट्टी विधानसभा के विधायक राम सिंह पटेल भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद की पड़ोस गांव ढाढर के प्रधान पति शिव बहादुर केतकर पुर गांव के पूर्व के प्रधान जयराम यादव सहित अन्य लोगों ने भी पीड़ितों से मिलकर उनकी मदद की शनिवार की दोपहर पूरे दलपत शाह चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य भी पिपरी गांव पहुंचा और पीड़ितों को आर्थिक, अनाज के साथ फल आदि सामान देकर घाव पर मलहम लगाने का काम किया।

# उड़ैयाडीह बाज़ार मे हैंड पंप खराब होने से पानी को लेकर मचा हाहाकार

### महीनों से खराब पड़ा हुआ है हैंडपंप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** उड़ैयाडीह बाजार में हैंडपंप महीनो से खराब चल रहा है जिसकी शिकायत बाजार वासी ग्राम प्रधान से की लेकिन उदासीनता के चलते हैंडपंप का रिपेयर नहीं कराया गया। जिससे बाजार वासियों को भीषण गर्मी मे पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिससे लोगों को पानी हेतु भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बार-बार शिकायत के बाद भी हैंड पंप ठीक न कराए जाने से बाजार वासियो में भारी रोज व्याप्त है।

पट्टी तहसील अंतर्गत विकासखंड बेलखर नाथ धाम क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाईपास, उड़ैयाडीह चौराहा, उड़ैयाडीह सब्जी मंडी आदि सार्वजनिक स्थानों पर हैंडपंप की व्यवस्था ठीक न कराए जाने से इस रास्ते से आने वाले लोगों व दुकानदारों को भीषण गर्मी में पानी के लिए भारी समस्या झेलनी पड़ रही है। बाजार के रहने वाले विजय सिंह बिन्नू ने बताया कि हैंड पंप काफी दिनों से खराब चल रहा है और पानी नहीं दे रहा है। बार-बार शिकायत के बाद भी बाजार में लगे हैंडपंप की मरम्मत ग्राम प्रधान अरुण कुमार सोनी द्वारा नहीं कराया जा रहा है। जिससे पानी के लिए लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खास बात यह है कि इस भीषण गर्मी में पानी के लिए लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन ग्राम प्रधान के उदासीनता के चलते हैंडपंप का रिपेयर नहीं कराया जा सका है। जिससे काफी दिनों से बाजार वासी हैरान परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल नाट रीचेबल बता रहा है।

# पूर्व प्रधानाचार्य पं. रमाशंकर ओझा के निधन पर प्रमोद व मोना हुए दुखी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा के पिता एवं पूर्व प्रधानाचार्य पं. रमाशंकर ओझा के आकस्मिक निधन पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गहरा दुख जताया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय रमाशंकर ओझा संग्रामगढ़ इण्टर कालेज में एक आदर्श शिक्षक के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। उन्होने कहा कि पं. रमाशंकर ओझा का निधन उनके परिवार के लिए भी अपूर्णनीय क्षति है। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी पूर्व प्रधानाचार्य पं. रमाशंकर ओझा के शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में दिये गये योगदान को याद करते हुए उनके निधन को सामाजिक क्षेत्र की अपूर्णनीय रिक्तता कहा है। इधर लालगंज में पं. रमाशंकर ओझा के निधन पर हुई शोक सभा में भी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में हुई शोकसभा में निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, प्रदोष नारायण सिंह, केशवराम ओझा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अमित सिंह, संदीप सिंह, डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी, डॉ. संदीप मिश्र, डॉ. आशुतोष शुक्ला ने भी पं. रमाशंकर ओझा को श्रद्धापुष्प अर्पित किये। वहीं यहां हुई शोक सभा में रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, डॉ. डीपी ओझा, डॉ. राजकुमार पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र, प्रधानाचार्य शोभा श्रीवास्तव, डॉ. पुरूषोत्तम शुक्ल, डॉ. शिवमूर्ति शास्त्री, डॉ. ओमप्रकाश जायसवाल, पं. राधारमण शुक्ल, हरिशंकर द्विवेदी, विकास मिश्र, डॉ. श्यामदुलारी सिंह, डॉ. राजेन्द्र मिश्र, डॉ. सौरभ मिश्र, उदयशंकर दुबे आदि ने शोक जताया है।

# गेहूं की पराली में लगाई आग किसानों की दस बीघे फसल जलकर राख

## अग्निकांड में 5 लाख रुपए से अधिक की गेहूं की जली फसल देखकर किसानों के छलक पड़े आंसू

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** गेहूं कि फसल तैयार कर काटने में किसानों ने दिन रात अपनी दम लगा दिया हैं फिर भी अराजक तत्व अपनी हरकत से बाज नहीं आते हैं। शनिवार को समय करीब 1:00 बजे दोपहर में अराजक तत्वों ने गेहूं की पराली में आग लगा दिया हैं जिससे किसानों का दस बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। फसलों में आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम किसानों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना अग्निशमन और पुलिस विभाग को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया है कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है तब तक 10 बीघा से अधिक गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई बताया जाता है इस अग्निकांड में 5 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जल गई है जिससे किसानों के सामने एक बार फिर बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी समय रहते अग्निशमन विभाग मौके पर नहीं पहुंचा जब किसानों ने आग बुझा ली है तो टूटा बजाते अग्निशमन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बुज्जी फसल पर पानी डालकर फोटो खिंचवाकर वापस लौट आए हैं। चरवा थाना क्षेत्र के चपहुआं गांव के मुराद अली पुत्र स्व इस्फाक उल्ला व चन्द्रबली पुत्र सुखलाल व उमेश खातून पुत्र इकलाख अहमद व फूल चन्द्र पुत्र राम खेलावन व मोहम्मद सादिक पुत्र रियाजुब हसन ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 1:00 बजे अराजक तत्वों ने गेहूं की पराली में आग लगा दिया है जिससे गेहूं की खड़ी दस बीघा फसल जलकर राख हो गई है। ग्रामीणों को जानकारी हुई कि अराजक तत्वों ने गेहूं की खड़ी फसल में आग लगा दिया हैं। आग को देखकर ग्रामीणों ने आनन-फानन आग पर काबू पाने के लिए खेत की तरफ बाल्टी, झांडी लेकर दौड़ पड़े। बड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाते - पाते दस बीघा गेहूं जलकर राख हो गया है। गेहूं की जली फसल को देखकर किसानों के आंसू छलक पड़े। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया परन्तु फायर ब्रिगेड तब पहुंचा जब ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। कास फायर ब्रिगेड समय से पहुंचता तो किसानों की फसल इतना नहीं जल पाती जितना जलकर राख हो गई है। ग्रामीणों ने फोन के द्वारा थानाध्यक्ष चरवा को सूचना दिया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बलराम सिंह मयफोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों संग आग बुझाने में जुट गए। बड़ी मसक्कत के साथ आग पर काबू पाया गया है।

# खूनी संघर्ष में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश

**2 दिन बाद सक्रिय हुई पुलिस ने एतिहातन गांव में तैनात की पुलिस फोर्स**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर सर्किल के कौशाम्बी कोतवाली क्षेत्र के बेरौंचा गांव में 2 दिन पहले हुए झगड़े के बाद घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई है मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक बेरौंचा गांव में गुरुवार को मिट्टी खोदने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दोनों पक्ष के आठ लोग घायल हो गए थे। जिसमें इलाज के दौरान शनिवार की भोर में राजाराम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जैसे ही सूचना गांव पहुंची परिवार में कोहराम मच गया। गांव में तनाव के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है मृतक राजाराम के चार बेटे और एक बेटी है।अभी बेटी की शादी नहीं हुई है। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद गांव में अंतिम संस्कार किया जाएगा। बेरौंचा के कामता प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें पुलिस ने शुक्रवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी कोतवाली नीलम राघव का कहना है कि तीन आरोपी फरार है उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित जगहों पर दबिश दी जा रही है जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ट्रेन की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश

**नही हुई शिनाख्त,पुलिस जांच में जुटी**



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में ट्रेन की टक्कर से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई,महिला की मौत की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस और रेलवे पुलिस ने जांच की लेकिन मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। मृतक महिला के हाथ में पिंकी लिखा हुआ है जिससे आशंका जताई जाती कि मृतक महिला पिंकी है लेकिन कहां के रहने वाली है कुछ जानकारी नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर गांव के पास शनिवार को अजमेर सियालदह एक्सप्रेस से एक 35 वर्षीय महिला की ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई है,महिला ने लाल रंग का कपड़ा पहन रखा है और उसके हाथ में पिंकी लिखा हुआ है,काफी जानकारी देने के बावजूद महिला की शिनाख्त नहीं हो पाया है,कोखराज थाना पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

# बाइक फिसलने से घायल युवक को 108 एम्बुलेंस ने पहुंचाया अस्पताल

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बिरौली गॉव के रहने वाले रोमी दिवाकर पुत्र फूल चंद्र दिवाकर रात में घर से कोखराज अपनी ससुराल जा रहे थे जैसे ही वह बेरुआ गॉव के नजदीक पहुचे थे कि सामने से आ रहे तेज गति वाहन को बचाने के चक्कर में इनकी दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे रोमी को गंभीर चोटें आ गयी। बेहोसी की हालत में देख किसी राहगीर ने 108 एम्बुलेंस पर फोन किया। सुचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने बेहोसी की हालात में पड़े गम्भीर घायल रोमी को जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया जहां उनका इलाज चल रहा है मामले की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए हैं घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

# तेज गति में ऑटो पलटा सवारी की मौत

अखंड भारत संदेश

**मुंबई से कमाई कर लौट रहे सवारी का मोबाइल नगदी लेकर ऑटो चालक हुआ फरार**



**कौशांबी।** प्रयागराज से करारी की तरफ जा रहा एक ऑटो चालक तेज गति से ऑटो चला रहा था जिस पर ऑटो में बैठी सवारियों ने तेज गति चलाने का विरोध किया लेकिन ऑटो चालक नहीं माना यह ऑटो जैसे ही सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार चौराहे और पेट्रोल पंप के बींच में ऑटो पहुँचा तेजगति अनियंत्रित ऑटो बीच सड़क पर पलट गया जिससे ऑटो में बैठी सवारी ऑटो के नीचे दब गई और गंभीर घायल हो गई ऑटो को सीधा कर आसपास के लोगों के सहयोग से चालक सवारी को लेकर अस्पताल पहुंचा जहां सवारी को छोड़ने के बाद ऑटो चालक सवारी का रुपया मोबाइल आदि लेकर फरार हो गया है अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सकों ने बताया कि घायल सवारी की काफी देर पहले मौत हो गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक अगियौना थाना करारी निवासी चंगेज कुमार उम्र 40 वर्ष पुत्र सुक्खू लाल अपने छोटे भाई राजाराम के साथ बेंगलुरु में कपड़ा के फेरी करते हैं कई महीने बाद दोनों भाई वापस अपने घर लौट रहे थे प्रयागराज से दोनों भाइयों ने गांव आने के लिए ऑटो पकड़ लिया ऑटो वाला रास्ते में तेजगति से वाहन चल रहा था जिससे दोनों भाइयों ने उससे कई बार मना भी किया लेकिन ऑटो चालक नहीं माना और जैसे ही सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार और पेट्रोल पंप के बीच ऑटो पहुंच ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया जिससे ऑटो में सवार दोनों भाई ऑटो के नीचे दब गए आसपास के लोगों ने ऑटो को सीधा कराया ड्राइवर दोनों भाइयों को लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचा जहां चिकित्सक ने कहां कि चंगेज की काफी देर पहले मौत हो चुकी है मृतक के छोटे भाई राजाराम के अनुसार चंगेज कुमार और राजाराम दोनों बैंगलोर में कपड़ा की फेरी करते हैं।दिनांक 11 अप्रैल 2024 की सुबह ट्रेन द्वारा अपने घर आ रहे थे।प्रयागराज में 13 अप्रैल 2024 की भोर में स्टेशन से बाहर आकर एक सीएनजी ऑटो करके अपने घर आ रहे थे ।ऑटो चालक बहुत तेज और लापरवाही पूर्वक ऑटो चला रहा था। राजाराम का कहना है कि हम दोनों भाईयो ने ड्राइवर को कई बार मना किया कि ऑटो तेज मत चलाओ लेकिन वह नही माना अंततः बसुहार चौराहा और पेट्रोल पंप के बीच में बीच रोड में ऑटो पलट गया जिससे चंगेज कुमार ऑटो के नीचे दब गया आनन फानन में राजाराम और ड्राइवर ऑटो को खड़ा करके चंगेज कुमार को पास के प्राइवेट राम किशन अस्पताल के अंदर ले गए और दोनों भाइयों को अस्पताल में छोड़कर ऑटो चालक दोनों भाइयों का मोबाइल और चंगेज कुमार का रुपए सहित पर्स लेकर भाग गया।उसके बाद एंबुलेंस के द्वारा चंगेज को जिला चिकित्सालय लाया गया जहां डॉक्टरों ने चंगेज कुमार को मृत घोषित कर दिया।परिवार को जैसे ही सूचना मिली रोते बिलखते परिजन जिला अस्पताल पहुंचे है परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सवारी से लूट करने वाले ऑटो चालक की तलाश किए जाने की जरूरत है रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से ऑटो चालक की तलाश पुलिस कर सकती है।

# आधा दर्जन घरों में चोरी 5 लाख कीमत के जेवरात सहित नगदी किया पार

## नकब लगाकर आधा दर्जन चोरों ने घटनाओं को अंजाम दे कर उठा ले गए सोने चांदी के जेवर और नगद रुपए

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के घूरी गांव में बीती रात्रि आधा दर्जन अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया है। नकब लगाकर आधा दर्जन घरों से बेशकीमती जेवरात व लाखो रूपया नगदी ले जाने में चोर कामयाब गए हैं। अन्य घरों में घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास चोर कर रहे थे ग्रामीण जाग गए और जब चोरों को ललकारा तो चोर मौके से फरार हो गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के घूरी गांव के अनुरूद्ध यादव पुत्र राम मनोहर व कल्यान चन्द्र पुत्र मुन्नी लाल व उदित सिंह पुत्र सुरेमन व मुन्शी लाल पुत्र छेदी लाल ने बताया कि शनिवार की बीती रात्रि परिजन खाना खाकर अपनी - अपनी छत पर सो गए थे। अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि अनुरूद्ध यादव के घर के पीछे की दीवार में नकब लगाकर घर के अन्दर घुस गये। आलमारी में रखा लगभग दो लाख रुपए का कीमती जेवरात व एक लाख पैंतिस हजार रुपए नगद व कल्यान चन्द्र के घर से लगभग एक लाख रुपए का जेवरात व सत्तर हजार रुपए नगद व उदय सिंह के घर के दरवाजे का ताला तोड़कर दस हजार रूपए नगद व मुन्शी लाल के घर के दरवाजे का ताला तोड़कर दस हजार नगद व लगभग पच्चास हजार रुपए का कीमती जेवरात अज्ञात चोर ले जाने में कामयाब हो गए हैं। राम मिलन पुत्र तीरथ यादव व नथन सिंह पुत्र विन्देशरी यादव व रामयस पुत्र राम औतार का ताला तोड़ने लगे तो ग्रामीणों की आंख खुल गई। शोर गुल मचानें पर अज्ञात चोर भागने में कामयाब रहे। पीड़ितो ने चरवा थाना पहुंच कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर के चोरों की तलाश में जुट गई है।

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत दो सगे भाई सहित तीन घायल

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के प्रयागराज होटल के पास कानपुर इलाहाबाद हाईवे पर बीती रात दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गयी जिससे तीन लोग घायल हो गए हादसे में घायल दो सगे भाइयों को इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और तीसरे युवक का इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है मामले की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए हैं हादसे की सूचना थाना पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक अरविन्द उम्र 20 वर्ष एवं कल्लू उम्र 25 वर्ष पुत्रगण रामचंद्र मौर्या निवासी फरीदपुर कोखराज दोनों सगे भाई शनिवार की रात्रि में एक बाइक से वापस गांव लौट रहे थे जैसे ही वह कोखराज थाना क्षेत्र के जयसवाल ढाबा के पास पहुंचे दूसरी बाइक से टकराकर सड़क पर गिर पड़े हैं जिससे दोनों भाइयों को गंभीर चोटे आई हैं दूसरा बाइक सवार भी इस हादसे में घायल हो गया है दूसरा बाइक सवार उसी रोड पर चंद कदम दूर चल रहे जायसवाल होटल के मालिक का लड़का बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद जायसवाल होटल वाले ने अपने लड़के को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है जबकि अरविन्द और कल्लू को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर भेजा गया है जहां दोनों भाइयों का इलाज चल रहा है परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं।

# धारा 144 का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही के बजाय उनकी सुरक्षा में लगी पुलिस

**अपर जिला अधिकारी का निर्देश संबंधित थानेदार मानने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं**




**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने और धारा 144 लगाए जाने के बाद खुलेआम नेताओं द्वारा बिना परमिशन के रैली और सभाएं की जा रही है रैली सभा में जुट रही भीड़ को धारा 144 के तहत रोकने के बजाय पुलिस नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था में लगी दिखाई पड़ रही है आखिर जब धारा 144 आम जनता पर लागू की गई है तो नामांकन के पूर्व सम्भावित प्रत्याशी और उनके समर्थक भी आम जनता है धारा 144 उल्लंघन करने पर सभा स्थल से धारा 144 उल्लंघन करने वालों की आखिर गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही है बिना परमिशन संभावित प्रत्याशियों द्वारा रैली किए जाने के मामले में रैली स्थल से गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही है बिना परमिशन के हो रही रैली और सभाए क्यों नहीं रोकी जा रही है क्या यह संभावित प्रत्याशी निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन और भारतीय संविधान से ऊपर हो गए हैं जिससे पुलिस इनके रैली में जुटी भीड़ और सभा स्थल पर एकत्रित हजारों लोगों की भीड़ को रोकने का साहस नहीं कर पा रही है जबकि धारा 144 लगी है और 5 आदमी से अधिक एक स्थान पर एकत्रित होने पर अपर जिला अधिकारी ने रोक लगाने का निर्देश संबंधित थानेदारों को भेजा है लेकिन अपर जिला अधिकारी का निर्देश संबंधित थानेदार मानने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### लोकसभा चुनाव में गैर जनपद ड्यूटी पर जाने वाले पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**कौशाम्बी।** गैर जनपदों में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु प्रथम चरण और द्वितीय चरण में जनपद कौशाम्बी से ड्यूटी में नामित अधिकारी/कर्मचारी गणों को प्रशिक्षण दिया गया पुलिस लाइन्स में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एएसपी अशोक कुमार वर्मा एवं चुनाव नोडल अधिकारी सीओ मंझनपुर सतेन्द्र प्रसाद तिवारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तथा ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### बाइको की भिड़ंत में बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा चौराहा के पास शनिवार को दो बाइको की आमने सामने भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई इस भिड़ंत में बाइक सवार अशोक कुमार उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में 108 एम्बुलेंस द्वारा उसे जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई और हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं

### सकिपा मनाएगी भीमराव अंबेडकर की जयंती

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी 14 अप्रैल रविवार को समय 11 बजे से पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाएगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने दी है।

### चोरी के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा चोरी के सामान के साथ 02 वांछित अभियुक्तों अनिकेत तिवारी और निगम सेन को गिरफ्तार किया गया। अनिकेत तिवारी का पहले से आपराधिक इतिहास है विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेजा गया।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त हरिमोहन पुत्र राम आसरे को नेवादा ब्लाक के सामने से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपों पर पॉक्सो एक्ट सहित बालिका से दुष्कर्म का आरोप है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना कोखराज पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त जगन्नाथ लोधी पुत्र हुबलाल लोधी निवासी चांदीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### नवरात्र मेला का पुलिस टीम ने लिया जायजा

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कड़ाधाम की पुलिस टीम द्वारा कड़ा मेला क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं महिलाओं को नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076,1090,1930,1098,181,112 आदि के बारे में जागरूक किया गया मेला क्षेत्र में भ्रमण करके बालिका महिलाओं को सहयोग दिया गया और मनचलों पर पुलिस ने कड़ी नजर रक्खी सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस ने विशेष ध्यान दिया

# नेताओं की कठपुतली बना निर्वाचन आयोग

अखंड भारत संदेश

## कैसे कराएगी पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव




**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के खर्च करने की सीमा निर्धारित है लेकिन अभी नामांकन नहीं हुआ है लोकसभा चुनाव को लेकर के धारा 144 लगा दी गई है 5 व्यक्ति से अधिक एक स्थान पर खड़े नहीं हो सकते हैं धरना प्रदर्शन सभा रैली पर पूरी तरह से रोक लगाए जाने के बाद बिना अधिकार संभावित प्रत्याशियों द्वारा दर्जनों स्थानों पर प्रतिदिन रैली और सभाएं की जा रही है इन रैली सभा में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठे हो रही है जिसमे खुलेआम धारा 144 का उल्लंघन हो रहा है संभावित प्रत्याशी और उनके समर्थकों द्वारा निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है प्रशासन मूक दर्शन बना तमाशा देख रहा है और संभावित प्रत्याशी मनमानी करने पर उतारू है जिन पर रोक लगाने का साहस निर्वाचन आयोग नहीं कर रहा है। जिस तरह से बिना परमिशन और बिना अधिकार के नेताओं द्वारा लगातार रैली और सभाएं की जा रही है उससे लगता है कि निर्वाचन आयोग नेताओं की कठपुतली बनकर रह गया है अब सवाल उठता है कि इन नेताओं के मनमानी करने पर जब प्रशासन रोक नहीं लगा पा रहा है तो फिर कैसे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से लोकसभा का चुनाव संपन्न होगा क्या मतदाताओं को बूथों पर एकत्रित होने से रोकना ही निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव की परिभाषा में शामिल है इन नेताओं के आचार संहिता उलंघन पर इन पर मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही किए जाने की सख्त जरूरत है संभावित प्रत्याशियों द्वारा नामांकन के पूर्व लोकसभा चुनाव में खर्च किए जाने वाले धनराशि की अभी से गणना क्यों नहीं की जा रही है संभावित प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के विपरीत प्रतिदिन लाखों रुपए खर्च किए जाने के मामले को क्यों संज्ञान नहीं लिया जा रहा हैं लोकसभा चुनाव के संभावित प्रत्याशियों द्वारा धनबल के सहारे लोकसभा चुनाव जीतने की तैयारी हो रही है इन स्थितियों में कैसे पारदर्शी चुनाव कहा जा सकता है सैकड़ो गाड़ियों के काफिले में संभावित प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में प्रतिदिन घूम रहे हैं मतदाताओं से मिल रहे हैं जगह-जगह स्वागत हो रहा है संभावित प्रत्याशी के स्वागत सत्कार के नाम पर माला फूल में लाखों रुपए प्रति दिन खर्च हो रहा है वाहनों के काफिला में कई लाख रुपया प्रतिदिन डीजल ईंधन के नाम पर खर्च हो रहा है सोशल मीडिया से लेकर जगह-जगह उनके द्वारा किए गए कार्यक्रम प्रचारित हो रहे हैं लेकिन उसके बाद भी धन बल के सहारे चुनाव जीतने की कोशिश करने वाले लोकसभा के संभावित प्रत्याशियों पर अभी तक निर्वाचन आयोग ने मुकदमा नहीं दर्ज कराया है जिससे निर्वाचन आयोग के अधिकारियों की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है 2 दिन पहले संभावित प्रत्याशी के स्वागत के नाम पर जिले के दर्जनों स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए सैकड़ो वाहनों के काफिले में प्रत्याशी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया लाखों रुपए खर्च करके फूल माला से स्वागत हुआ वाहनों के काफिले में ईंधन डीजल के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर दिए गए धारा 144 का खुलेआम उल्लंघन हुआ सब कुछ खुलेआम होता रहा प्रशासन मूकदर्शक बना रहा जबकि जिले में धारा 144 लागू है पांच आदमी से अधिक एकत्रित नहीं हो सकते हैं संभावित प्रत्याशी को निर्वाचन अधिकारियों ने रैली जुलूस सभा करने की अनुमति नहीं दी है उसके बाद भी संभावित प्रत्याशी की मनमानी पर निर्वाचन आयोग रोक नहीं लग सका है अब कैसे निर्वाचन आयोग के अधिकारी कहेंगे कि वह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव कराने को तत्पर है।

# बालू पट्टा धारक से रंगदारी मांगने पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कटैया घाट के पट्टेधारक अरसद से मो सैफ रंगदारी और जान से मारने की धमकी देता था बालू पट्टेधारक से रंगदारी मांगने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले मोहम्मद सैफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है जानकारी के मुताबिक बीती रात सैफ अपने साथियों के साथ रंगदारी मांगने कटैया बालू घाट पहुचा था पट्टेधारक को रंगदारी न देने पर बालू घाट बन्द कराने की रोजना धमकी देता था मो सैफ के खिलाफ 386,323,504 और 506 सराय अकील थाना में मुकदमा लिखा गया रंगदारी न देने पर मो सैफ ने पट्टेधारक अरसद के साथ मारपीट किया था मो सैफ के खिलाफ पहले भी गुंडा एक्ट की कार्यवाही हो चुकी है।

## संपादक की कलम से

### पानी में भी आत्मनिर्भरता जरूरी

पानी की कमी का एक कारण शहरीकरण भी है। पक्के घरों का निर्माण, बागवानी या रोजमर्रा के सभी कार्यों के लिए ज्यादा पानी की जरूरत है। पानी शहरों में तो होता नहीं है, वहां इसकी आपूर्ति के लिए आसपास के इलाकों के बांधों, नहरों और दूसरे जलस्रोतों का दोहन होता है, जो पानी की किल्लत का कारण बन रहा है। हमें भोजन के साथ पानी में भी आत्मनिर्भरता जरूरी है।

बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ, जब मध्यप्रदेश के सतपुड़ा अंचल में बहुत अच्छे हरे-भरे जंगल थे, सदानीरा नदियां थीं, कुएं, तालाब, बावड़ियां पानीदार थीं। नदी-नालों में पानी की बहुतायत थी। लेकिन अब जंगल कम हो गए हैं, नदियां सूखने लगी हैं, और कुएं और तालाब तो लगभग गायब ही हो गए हैं।

हमारे छुटपन में गांव में मिट्टी के घर होते थे। घर के आगे-पीछे काफी जगह होती थी। खेती-किसानी के काम के लिए घरों में ज्यादा जगह होती थी। घर के पीछे बाड़ी होती थी। बाड़ी में हरी पत्तीदार सब्जियां लगाई जाती थीं। मुनगा, आम, अमरूद, नींबू, इमली के फलदार पेड़ होते थे। भूमि की सतह का पानी नीचे जज्ब होता था और धरती का पेट भरता था।

होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले के पूर्वी छोर पर स्थित गांव में मेरा बचपन बीता है। हमारे घर कुएं से पानी आता था। कुएं बहुत उथले थे, 15-20 फुट नीचे पानी था। हम नदी में नहाने जाते थे। नदी का नाम था- दुधी था। यानी दूध की तरह मीठा दूधिया पानी। गांव के सभी मवेशी भी वहीं पानी पीते थे।

वहां नदी की रेत तरबूज-खरबूज की खेती होती थी। खीरा और सब्जियां भी होती थीं। झील, तालाब व नदियों के किनारे थोड़ी सी गहराई पर ही पानी निकल आता था। झिरिया ( एक डेढ़ फुट गहराई) खोदकर लोग पानी पीते थे।

इस इलाके में मिश्रित खेती होती थी। मिश्रित खेती में यहां उतेरा पद्धति व बारिश की नमी से खेती होने वाली हवेली पद्धति थी। उतेरा पद्धति में 6-7 प्रकार के अनाजों को मिलाकर खेत में बोया जाता है। फसलें जून में बोई जाती हैं और पकने पर काट ली जाती हैं। इसमें ज्वार, धान, तिली, तुअर और समा, कोदो मिलाकर बोते हैं।

हवेली खेती पद्धति में रबी फसल के लिए ऊंची मेड़ बनाकर बारिश का पानी रोककर रखा जाता था। चार माह पानी भरकर रखने से कई तरह की खरपतवार सड़कर मिट्टी को उर्वर बनाती थी। जमीन सूखने पर पानी निकाल दिया जाता था और इसी नमी में बीज बो दिए जाते थे। इसमें सिंचाई की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। लेकिन अब मिश्रित पद्धति तो जंगल वाले व असिंचित इलाके में प्रचलित है, पर हवेली पद्धति खत्म हो गई है।

जैव विविधता में मिट्टी के बाद पानी एक महत्वपूर्ण संसाधन है। जीवन के लिए हवा के बाद पानी बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसे संजोया जाना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। भोजन की तरह पानी को भी किसी कारखाने व कृत्रिम तरीके से नहीं बनाया जा सकता। यह प्राकृतिक संसाधन है, और इसे बचाया जाना अत्यंत जरूरी है। भोजन के बिना तो 15-20 दिन जिया जा सकता है, पानी के बिना एक सप्ताह तक जीना मुश्किल है। पानी से मानव ही नहीं, समस्त जीव-जगत, पशु पक्षियों का जीवन जुड़ा हुआ है।

मध्य भारत की स्थिति उत्तर भारत से भिन्न है। उत्तर भारत की नदियां हिमजा हैं, वहां वर्षा न भी हो तो उनमें बर्फ पिघलने से पानी आएगा, लेकिन मध्य भारत की नदियां वनजा हैं, यानी वन नहीं होंगे तो ये शुष्क हो जाएंगी। यह हाल यहां की अधिकांश नदियों का हो गया है, यहां की जीवनरेखा कहलाने वाली नर्मदा की ज्यादातर सहायक नदियां सूख चुकी हैं। कभी मध्यप्रदेश के सतपुड़ा अंचल की शक्कर, दुधी, मछवासा, पलकमती आदि नदियां बारह महीनों बहती थीं, जो अब बरसाती हो गई हैं। इससे नर्मदा भी कमजोर हो गई है।

जंगलों में आई कमी का नतीजा तापमान में वृद्धि के रूप में सामने है। कुछ समय पहले तक गांवों में और पर्यटन स्थल पचमढ़ी जैसे ठंडे स्थानों में पंखों की जरूरत नहीं पड़ती थी। अब पंखे-कूलर के बिना रहना मुश्किल है। जंगल पानी के स्रोत तो थे ही, वह तापमान को भी नियंत्रित करते थे।

अब सतपुड़ा पहाड़ों से निकलने वाली नदियां दम तोड़ रही हैं। फसलचक्र परिवर्तन के बाद अब ज्यादा पानी पीने वाली बौनी किस्में आ गई हैं। इस कारण खेत-खेत में नलकूप हो गए हैं, और बिना रोक-टोक पानी उलीचा जा रहा है। तालाब पाट दिए गए हैं। नदियों के स्वाभाविक प्रवाह को रोककर बांध बनाए जा रहे हैं। जो रेत पानी को स्पंज की तरह सोखकर रखती थी, उसका खनन बेतहाशा बढ़ गया है।

हाल के कुछ बरसों में मौसम बदलाव हो रहा है। किसानों की एक बड़ी समस्या है बारिश न होना या बेमौसम बारिश होना। इसलिए भूजल उलीचा जा रहा है। भूजल बरसों में एकत्र होता है, यही हमारा सुरक्षित जल भंडार है। फिर बिना बिजली के उसे ऊपर खींचना मुश्किल है। जितनी गहराई पर पानी होगा, उसे निकालने के लिए उतनी ही ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होगी। यानी ज्यादा बिजली लगेगी। पूर्व से आसन्न बिजली का संकट साल दर साल बढ़ते जा रहा है। पहले हर साल वर्षा ऋ तु में बारिश रिम-झिम यानी धीरे-धीरे होती थी, अब एक साथ हो जाती है। यानी वर्षा के दिन कम हो गए हैं। बारिश की फसलें अब कम हो गई हैं। कोदो, कुटकी, मड़िया, सांवा जैसी फसलें अब नहीं के बराबर हैं। यह पौष्टिक फसलें थीं और बहुत ही कम पानी में हो जाती थीं। तीन पाख दो पानी, पक आई कुटकी रानी जैसी कहावतें थीं। यह डेढ़ महीने की फसल होती थी। इसके औषधीय गुण भी थे।

### गर्मी में किस टाइम पीना चाहिए नारियल पानी? ध्यान रखें ये बातें

गर्मी के सीजन में कुछ चीजों को खाने का अलग ही मजा होता है. कोई आम का दीवाना होता है तो कोई तरबूज का स्वाद चखना पसंद करता है. गर्मियों के दौरान शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है और इसके लिए ऐसी चीजों को खाने या पीने की सलाह दी जाती है जिनमें हाइड्रेटिंग गुण हों. इनमें से एक है नारियल पानी जिसका स्वाद भी बेहतरीन होता है. माना जाता है कि अगर आप एक नारियल का पानी पी लें तो शरीर में पूरे दिन पानी की कमी महसूस नहीं होती है. नारियल पानी में कैल्शियम, मैंगनीज समेत कई दूसरे पोषक तत्व होते हैं. गर्मी में इसे पीने से बॉडी लंबे समय तक हाइड्रेट रहती है. लोग भले ही एनर्जी के लिए कितने ही ड्रिंक पी लें लेकिन कोकोनट वाटर के जितना रिफ्रेशिंग और एनर्जी देना वाली ड्रिंक शायद ही कोई है.

ये इलेक्ट्रोलाइट का बढ़िया स्रोत है. वैसे अधिकतर लोग इसे पीते समय कई गलतियां दोहराते हैं. कई तो ये भी नहीं जानते हैं कि इसे पीने का सही समय क्या है. अब सवाल है कि आखिर गर्मियों में कब या किस टाइम कोकोनट वाटर को पीना चाहिए. जानिए..

**नारियल पानी के पोषक तत्व**

नारियल पानी पोटेशियम का बढ़िया सोर्स होता है. इसके अलावा इसमें विटामिन सी, जिंक, मैग्नीशियम और दूसरे कई पोषक तत्व होते हैं. इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसे पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है. दरअसल इसके जरिए इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस सही रहता है. गर्मियों में डिहाइड्रेशन का खतरा बना रहता है इसलिए नारियल पानी और खीरे जैसी चीजों का सेवन करने की सलाह दी जाती है. हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक नारियल पानी तुरंत शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स पहुंचाने का काम करता है. इसके अलावा इससे ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में भी मदद मिलती है.

**कब पिएं नारियल पानी?**

लोगों में ये सवाल बना रहता है कि नारियल पानी को किस टाइम पीना चाहिए. कुछ लोग इसे खाली पेट पीना फायदेमंद मानते हैं तो कुछ दोपहर के समय. जयपुर की डायटिशियन सुरभि पारिक कहती हैं कि इसे पीने का बेस्ट टाइम मॉर्निंग में है. इसे हैवी मील के साथ या इसके बाद नहीं पीना चाहिए. एक्सपर्ट सुरभि पारीक कहती हैं कि जिन लोगों को एसिड रिफ्लक्स यानी एसिडिटी या सीने में जलन की समस्या हो उन्हें नारियल पानी को खाली पेट पीना चाहिए. वैसे इस हेल्दी ड्रिंक को खाली पेट पीने के और भी कई फायदे हैं.

सुबह-सुबह इसे पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है जिसका बेनिफिट वेट लॉस में मिलता है. पेट अगर स्वस्थ है तो शरीर कई बीमारी या हेल्थ प्रॉब्लम्स से बच पाता है. आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह पर इसे दोपहर के समय भी पी सकते हैं. वैसे इसे शाम को पीना चाहिए या नहीं इस पर कंफ्यूजन लगातार बनी रहती है.

**किन्हें नहीं पीना चाहिए नारियल पानी**

आईएमडी भी कह चुका है कि आने वाले समय में हीटवेव का खतरा लोगों को बहुत सताएगा. ऐसे में नारियल पानी जैसी चीजों का सेवन करना बहुत जरूरी है. पर जो लोग किडनी से जुड़ी हेल्थ प्रॉब्लम्स का शिकार हैं उन्हें नारियल पानी नहीं पीना चाहिए. दरअसल इसमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है और शरीर में इसकी अधिकता के कारण किडनी में ये जमा होने लगता है. ऐसे में किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ता है.

**आजमाएं ये नुस्खे**

इस ड्रिंक से दोगुने फायदे पाने के लिए आप इसमें कुछ चीजों को भिगोकर खा सकते हैं. चिया सीड्स और नट्स को रात में इसी पानी में भिगोकर रख दें और अगली सुबह इसे खाली पेट खाएं. ये हेल्दी ब्रेकफास्ट है जो इम्यूनिटी बूस्ट करने से लेकर स्किन को हेल्दी बनाया जा सकता है.

# स्त्री सशक्तीकरण के पक्षधर थे डॉ. आंबेडकर

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

विश्व में स्त्री सशक्तीकरण के लिए खूब बातें हो रही हैं लेकिन स्त्रियों के बीच से उनके अधिकारों के हनन का शोर भी है. भारत में स्त्री-प्रश्न पर दुनिया की अपेक्षा न तो आन्दोलन है, और न ही असंतोष, क्योंकि यहाँ पर स्त्रियों के सशक्तीकरण पर कई स्तर पर ध्यान दिया गया है. डॉ. आंबेडकर की चिंता आधी आबादी को लेकर केवल नहीं थी अपितु उनका तो सम्पूर्ण चिंतन उस विरासत से मुक्ति का था जो व्यक्ति को असमानता में धकेलते हों. श्रम के बराबर हक जहाँ न मिलता हो और घृणा और अस्पृश्यभाव से जिन्हें देखा जाता हो. हमारे देश में डॉ. आंबेडकर ने स्त्रियों के लिए संघर्ष किया. उन्हें सबसे पहले सम्मान के लिए हकदार बताया. गरिमा की रक्षा के लिए उन्होंने आवाज उठाई और निःसंदेह संपत्ति में स्त्रियों के अधिकार की बात बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने ही किया.



बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 3 अक्तूबर, 1954 को एक आकाशवाणी को साक्षात्कार दिया था उसमें उन्होंने दो महत्वपूर्ण बातें कही एक, मेरे जीवन संबंधी दर्शन में आजादी को विशेष स्थान है. दूसरा, मेरे दर्शन में समता का स्थान स्वतंत्राता से ऊंचा है. इस ह्यआजादीह्ल और ह्यसमताह्ल के सन्देश को यदि भारतीय मानस या दुनिया की आबादी समझ ले तो इसमें समस्त नारीवादी आन्दोलन और उनकी मांगों का हल है. स्त्रियाँ आजादी चाहती हैं. स्त्रियाँ समानता चाहती हैं. इसके अतिरिक्त उनकी कोई दूसरी मांग है ही नहीं. यदि डॉ. आंबेडकर इन दोनों के लिए भारतीय मानस तैयार करने के हिमायती थे तो यह बात समझने की है कि उनकी स्त्रियों के प्रति क्या इच्छाएं थीं. यद्यपि इसे कहा जाएगा कि यह तो सबके लिए उनकी बात थी लेकिन सबमें स्त्रियाँ भी सम्मिलित हैं, इसे भी कोई नकार नहीं सकता.

उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जाता है कि उसमें महिलाओं की क्या स्थिति है? महिलाएं सुरक्षित हैं कि नहीं एवं उन्हें उनकी गरिमा के साथ जीने का सुअवसर उपलब्ध है कि नहीं? दुनिया की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए जब तक उनका समुचित विकास नहीं होता कोई भी देश विकास संभव ही नहीं. उन्होंने इसीलिए भारत में महिलाओं की स्थिति को देखते हुए डॉ बाबा साहेब आंबेडकर ने महिलाओं के विकास, उन्नति एवं उनके पूरे अधिकारों व गरिमा को दिलाने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए सन 1951 में ह्यहिंदू कोड बिलह्ल संसद में पेश किया. इस कोड बिल में स्त्रियों के लिए विशिष्ट अधिकार, हिंदू कानून के अनुसार विवाहित व्यक्ति के लिए एकाधिक पत्नी अर्थात बहुविवाह प्रतिबंध, अविवाहित कन्याओं और विधवाओं को बिना कोई शर्त के पिता या पति के सम्पति पर उत्तराधिकार और अंतरजातीय विवाह को मान्यता का प्रावधान था. इसमें अंतनिर्हित बाबासाहेब के विचार केवल नहीं थे अपितु उनकी वे संवेदनाएं थीं जिनसे स्त्रियाँ सुरक्षित रहकर अपने जीवन में अवसाद में न जाएँ. उन्हें पूर्णतया आत्मबोध और सुरक्षाबोध भी हो. इस बिल को 1951 में अंबेडकर ने संसद में पेश किया था लेकिन भारत का दुर्भाग्य था कि संसद के अंदर और बाहर इसका जमकर विरोध हुआ. बाबासाहेब क्षुब्ध होकर कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिए और उनकी जो इच्छा थी उसे हतोत्साहित कर दिया गया. यद्यपि बाद में कुछ संशोधनों के साथ हिंदू विवाह अधिनियम भारत की संसद द्वारा सन 1955 में पारित कर दिया गया जिसके तहत तीन महत्वपूर्ण कानून बने- हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (1955), हिंदू अल्पसंख्यक तथा अभिभावक अधिनियम (1956) और हिंदू एडॉप्शन और भरणपोषण अधिनियम (1956). ये अधिकार न केवल भारत की उन तबके को सशक्त करते हैं अपितु हमारी सभ्यता में विद्यमान अतिक्रमित लोगों के संबल भी बनते हैं.

आज युद्ध क्षेत्र में स्त्रियों को वस्तु के रूप में देखा जा रहा है या अफगान स्त्रियों के भीतर व्यापक रोष है. उनका अपने स्थानीय प्रशासन से, तो कहीं न कहीं उनकी आजादी छिन गयी है. उन्हें समान दर्जा पुरुष प्रधान-समाज द्वारा नहीं दिया जा रहा है. अब यदि पूरी दुनिया का विश्लेषण करें तो स्टेट के बारे में ही एक राय यह बन रही है कि स्टेट्स खुद पितृसत्ता के ही बिम्ब हैं. वे पितृसत्ता सा व्यव्हार करते हैं और स्त्रियाँ उनके द्वारा अतिक्रमण का शिकार बनती हैं. पहले तो समाज में पितृसत्ता एक व्यवस्था के साथ अपना स्त्रियों के अधिकारों के लिए स्त्रियाँ लड़ने हेतु मजबूर करती थी लेकिन यदि स्टेट्स के ही चरित्र पितृसत्ताक हो जाएंगे तो फिर आधी आबादी की लड़ाई निश्चित रूप से दुरूह हो जाएगी. अफगान, ईरान और विकसित देशों में भी स्त्रियों के जो हालात हैं, वे ठीक नहीं हैं. कठिनाइयाँ कम नहीं हो रही हैं. भारत में बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर का कहना था कि सामाजिक जीवन के त्रिगुण सिद्धांतों को समाप्त कर हिन्दू समाज में क्रांति ला सके ऐसा मेरा दर्शन क्रांतिकारी है. इसी कारण मैं इतना आक्रामक हूं और मेरे कई दुश्मन है. लेकिन मुझे ऐसे दुश्मन पसंद हैं. क्योंकि, मुझे पता है कि वे मेरी बातें ध्यान से सुनते हैं. मेरा दर्शन केवल मेरे लिए नहीं है, वह सबके लिए है. अलग शब्दों में कहूं तो मेरे दर्शन का खास उद्देश्य है. मैं लोगों की राय बदलना चाहता हूं. उनके दर्शन में उनके जीवन का सार है.

आज बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल भारत में नहीं अपितु दुनिया में गैर-बराबरी को खत्म करने के लिए मुखर रूप से अपनी अनुपस्थिति में भी उपस्थित हैं. उनकी सोच जिंदा है. वे अपने विचारों से अभी भी बराबरी के लिए भरपूर वकालत कर रहे हैं. उसमें सभी लोगों के लिए एक आवाज है. उसमें एक व्यापक बदलाव भी है. यह बदलाव विश्व की तस्वीर चेंज करने में सक्षम है. यह संयुक्त राष्ट्र ने भी समझ लिया है. संयुक्त राष्ट्र ने गांधी के अहिंसा सन्देश को जिस प्रकार फैअलाया है. बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को भी अब वह पकड़ लिया है और इक्वैलिटी की जितनी पुरजोर कोशिश हो सकती है वह फैलाने की कोशिश कर रहा है और उसने यह साफ-साफ कह दिया है कि सामाजिक न्याय के लिए इक्वैलिटी जरूरी है और इसके प्रेरणा स्त्रोत बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर हैं. दुनिया में देखा जाए तो स्त्रियाँ भी इक्वैलिटी की लड़ाई लड़ रही हैं. स्त्रियों के साथ दुनिया को सामाजिक न्याय इसी इक्वैलिटी के माध्यम से मिलने वाली है. संयुक्त राष्ट्र यह चाहता है कि डॉ. आंबेडकर के विचारों को फैलाया जाए. इनके विचारों में दम है. इनसे विश्व में सामाजिक न्याय की मुहिम तेज की जा सकती है. आधी आबादी का संकट बाबासाहेब के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है. बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने जीते जी जो कोशिश की है, वह सोच में कैसे विकसित हो सकती है, इसे ध्यान देने की आवश्यकता है.

भारत में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के तीर्थों में बाबासाहेब के जो विचार हैं उसे आमजन तक ले जाना है. यह विचार स्त्रियों को सशक्त बनायेंगे. यह विचार समाज को सशक्त बनायेंगे और सौहार्द भी विकसित करेंगे.

**लेखक भारत गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति जी के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं। आप केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर, अहिंसा आयोग व अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं।**

# एक बड़े राजनीतिक पतन को दशार्ते हैं चुनावी बॉन्ड्स

**- जगदीश रत्तनानी**

भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली 'एनिमल स्पिरिट्स' को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था ताकि हम तथाकथित हिंदू विकास दर (आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था। देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे। इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी।




किसी भी समझदार व्यक्ति के सामने यह बात तय और स्पष्ट है कि चुनावी बॉन्ड्स की योजना एक जबरन वसूली रैकेट थी। भले ही इसे जारी करते समय इसका वह (इसे बनाने वालों के चैरिटेबल होने का कलंक लगाने का) इरादा नहीं था जिस इरादे के साथ इसे तैयार किया गया था। इस योजना से जो वैध दिखाई देने वाला भ्रष्टाचार फैलाया गया, उसका लंबे समय तक अध्ययन और विश्लेषण किया जाएगा। यह घोटालों के इतिहास में एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज किया जाएगा जिसने अपने पीछे असाधारण और ऑडिट किए गए दस्तावेजों को देखते हुए कल्पना के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है। इसकी विभीषिका यह है कि लेन-देन की बारीकियों में विशेष रूप से जब यह सामने आता है- (अ) फार्मा कंपनियों की दवाओं की गुणवत्ता की जांच का मुद्दा और उनके दान, (ब) विभिन्न प्रकार की शुरू हुई जांच जो 'दान' के बाद बंद हो गई, इनमें से एक प्रकार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रक्रिया की ओर अग्रसर है, (स) भुगतान के बाद व्यापारिक घरानों के पक्ष में लंबे समय से लंबित मंजूरी और अन्य सुविधाएं प्रदान करना; और (द) विदेशी धन के लिए दान के रूप में आने वाला एक स्पष्ट रास्ता सिर्फ शीर्ष चिंताएं हैं। ये न केवल चुनावी बॉन्ड्स योजना के राष्ट्र-विरोधी चरित्र की ओर इशारा करती हैं बल्कि भ्रष्टाचार को निमंत्रण देने के रूप में भी सामने आती हैं- एक खुली नीति जो भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करने का स्पष्ट रास्ता बताती है।

कीमत का पता हो तो एक कारोबारी नेता या निहित स्वार्थ क्या नहीं कर सकता, खास तौर पर जब कानूनी कवर की गारंटी हो, कानून में गोपनीयता लिखी गई हो और भारत के प्रधानमंत्री की पार्टी लूट की प्राप्तकर्ता हो? यह भ्रष्टाचार की 'रेट-कार्ड' पद्धति को वैध बनाता है जो लगान वसूली की मांग को एक कुशल, पूवार्नुमानित और मात्रात्मक उद्यम बनाता है, केवल यह कि सत्ता के उच्चतम सोपानों पर काम करता है। यह वैध है और वह आपका कोई भी काम हो, उसे पूरा करता है। एक आधुनिक लोकतांत्रिक देश के रूप में यह भारत के पतन और 'बनाना रिपब्लिक' बनने की दिशा में निश्चित प्रवेश का प्रतीक है जिसमें शांति की दिखावटी भावना उस आंतरिक व्यवहार को मुश्किल से छुपाती है जहां गंदे काम किए जाते हैं। यह भारत की विकास गाथा की आंतरिक सड़ांध है, बढ़ती जीडीपी की बात तो छोड़िए, यह एक ऐसे देश का खुद का थोपा गया उपनिवेशीकरण है जिसने अपनी प्रतिष्ठा खो दी है।

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री रह चुके एआर अंतुले को चुनावी बॉन्ड्स योजना के शुरूआती संस्करण के रूप में वर्णित किया जा सकता है। फर्क सिर्फ इतना था कि उनका धन संग्रह गरीबों के लिए था, न कि चुनाव लड़ने के लिए। जब उनके द्वारा नियंत्रित ट्रस्टों को 'दान' के बारे में पता चला तो 1982 में दबाव डालकर अंतुले को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। यह सार्वभौमिक रूप से एक महत्वपूर्ण और बड़ा घोटाला माना जाता था। यह भाजपा ही थी जिसने अंतुले के खिलाफ मामला दर्ज किया था जिन्होंने शार्टेज के समय बिल्डरों को आंशिक रूप से सीमेंट आवंटन के बदले में ट्रस्ट फंड में 50 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। जैसे ही यह घोटाला राष्ट्रीय सुर्खियों में आया तो भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाने में भाजपा सबसे आगे थी। लालकृष्ण आडवाणी ने इस घोटाले को उजागर करने के प्रयासों का नेतृत्व किया। आज वही पार्टी एक ऐसे चरण में पहुंच गई है जहां उसका नेतृत्व संग्रह के यथानुपात औचित्य की बात करता है। जैसा कि अमित शाह द्वारा धन प्राप्त के औचित्य के लिए पेश किए प्रयास से पता चलता है, जिसमें उन्होंने कहा कि इतने सारे सांसदों के कारण हमें इतना मिला और विपक्ष को कम सांसद होने के कारण इतना धन मिला। फिर भी, चुनावी बॉन्ड्स से राष्ट्र को हुए गहरे नुकसान में उपरोक्त सभी को शामिल नहीं किया गया है। बड़ा झटका तो यह है कि भारत को स्वीकारोक्ति के इस अहसास के साथ आना होगा कि उदारीकरण और निजीकरण के युग में 1991 की उसकी दिशा विफल हो गई है।भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली 'एनिमल स्पिरिट्स' को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था ताकि हम तथाकथित हिंदू विकास दर (आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था। देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे। इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी। अर्थशास्त्री राजकृष्णा ने 1950 से 1970 के दशक में देश की धीमी आर्थिक गति को ही 'हिन्दू रेट ऑफ ग्रोथ' कहा था, उससे ऊपर उठ सकें। सुधारों से पहले व्यवसायियों ने व्यापार-सरकार संपर्क की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नई दिल्ली में संपर्क कार्यालय रखे।

बहुत समय पहले 1970 के दशक के 'वैश्विक तेल संकट' के मद्देनजर मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए उठाये गये एक कदम के रूप में साबुन पर लगाए गए मूल्य नियंत्रण को समाप्त करने के लिए भारत में यूनिलीवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से मिलने के लिए कहा गया था। प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 24 जुलाई, 1991 को औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया जिसके बाद इस लाइसेंस-नियंत्रण-राज की जरूरत ही नहीं रही। मनमोहन सिंह ने घोषणा की थी-'समग्र रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक प्रतिस्पर्धी, अधिक कुशल और आधुनिक बनने से लाभान्वित होगी और औद्योगिक प्रगति की दुनिया में अपना सही स्थान लेगी।' इस बदलाव से क्या मिला है? हमारे पास जीडीपी वृद्धि है लेकिन सरकारी खर्च इस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। निजी क्षेत्र हमेशा की तरह कम बोलता है लेकिन अभी भी सत्ता के गलियारों में बातचीत करने और उन लोगों को खुशी से तुरंत पैसा देने के लिए तैयार है जो उनके लिए उपयोगी हैं। जो लोग सत्ता के सबसे करीब हैं उन लोगों की ही सबसे ज्यादा तरक्की हुई हैं। इससे भी बदतर यह है कि इससे व्यवस्था में जो अक्षमताएं पैदा होती हैं वे एक तरफ निजी क्षेत्र को परिपक्व होने की अनुमति नहीं देंगी और दूसरी तरफ आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली 'एनिमल स्पिरिट्स' से सत्ता को मजबूत होने, शासन प्रणाली बनाने, साहसिक निर्णय लेने और जोखिम उठाने से रोकती है।

### भारत रोजगार रिपोर्ट : 2024' - युवा-रोजगार की पड़ताल

भारत के युवाओं ने पिछले दो दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उच्च शिक्षा, जो गुणवत्तापूर्ण नौकरियों तक पहुंचने का एक प्रमुख कारक है, अनेक लोगों के लिए अब सुलभ है। हालांकि, केवल शिक्षा ही रोजगार की गारंटी नहीं है। कक्षाओं से निकलकर युवाओं का कार्यस्थलों तक पहुंच पाना एक बड़ी बाधा बनी हुई है। रिपोर्ट इस अन्तर को प्रभावी ढंग से पाटने की आवश्यकता पर जोर देती है।

भारत अपनी बढ़ती युवा आबादी के साथ, एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। 'मानव विकास संस्थान' (आईएचडी) और 'अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन' (आईएलओ) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई 'भारत रोजगार रिपोर्ट- 2024' युवाओं में रोजगार के बहुआयामी परिदृश्य पर प्रकाश डालती है। भारत की युवा आबादी विश्व में सबसे अधिक है। भारत का यह जनसांख्यिकीय लाभ हमारे लिए अवसर और चुनौतियां दोनों प्रस्तुत करता है।

'भारत रोजगार रिपोर्ट-2024' से पता चलता है कि राष्ट्र में युवा बेरोजगारी की समस्या चिन्ताजनक स्तर तक पहुंच गई है, खासकर शिक्षित युवाओं के बीच उच्च बेरोजगारी चिन्ता का विषय है। भारत के युवाओं में कुल बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो संकट को और भी बढ़ा देती है। इसके अलावा, महिला श्रमबल की भागीदारी में चिन्ताजनक गिरावट दर्ज की गई है, जो इस जटिल मुद्दे में एक और परत जोड़ती है।

वर्तमान में, भारत की कुल बेरोजगार श्रमशक्ति में युवाओं की हिस्सेदारी आश्चर्यजनक रूप से 83 प्रतिशत है। इसके अलावा, कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं का हिस्सा दो वर्षों के दौरान दोगुना हो गया है, वर्ष 2000 में यह 35.2 प्रतिशत था जो बढ़कर वर्ष 2022 में 65.7 प्रतिशत हो गया है। ये आंकड़े स्थिति की गम्भीरता को रेखांकित करते हैं और शिक्षित युवाओं द्वारा लाभप्रद रोजगार के अवसर हासिल करने में आने वाली चुनौतियों को उजागर करते हैं। इन चिन्ताजनक आंकड़ों के अलावा, महिला श्रमबल की भागीदारी में एक उल्लेखनीय गिरावट हुई है, जो समस्या को और भी बढ़ाती है। राष्ट्र के कामगारों में महिलाओं की कमी सिर्फ उनके आर्थिक सशक्तिकरण को ही नकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं करती, बल्कि व्यापक सामाजिक चुनौतियों में भी इजाफा करती है।

भारत के श्रम परिदृश्य की एक प्रमुख विशेषता अनौपचारिक क्षेत्र का रोजगार है। 82 प्रतिशत श्रमशक्ति अनौपचारिक क्षेत्र के रोजगार में लगी हुई है, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत अनौपचारिक रूप से कार्यरत है। कुरियर डिलवरी, घर-घर खाना पहुंचाना, टैक्सी और रैपिडो मोटरसाइकिल पर सवारियां ढोना जैसे नए किस्म के रोजगार बढ़ते हुए नजर आते हैं। इनका जुड़ाव बड़ी-बड़ी कम्पनियों से है, लेकिन इनमें काम करने वाले युवा उन बड़ी कम्पनियों के कर्मचारी ना होकर स्व-रोजगार और अनौपचारिक काम की श्रेणी में आते हैं। अनौपचारिक काम की यह व्यापकता अर्थव्यवस्था और युवाओं के भविष्य के लिए सुरक्षित विकल्प नहीं है।

भारत के युवाओं ने पिछले दो दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उच्च शिक्षा, जो गुणवत्तापूर्ण नौकरियों तक पहुंचने का एक प्रमुख कारक है, अनेक लोगों के लिए अब सुलभ है। हालांकि, केवल शिक्षा ही रोजगार की गारंटी नहीं है। कक्षाओं से निकलकर युवाओं का कार्यस्थलों तक पहुंच पाना एक बड़ी बाधा बनी हुई है। रिपोर्ट इस अन्तर को प्रभावी ढंग से पाटने की आवश्यकता पर जोर देती है।

शिक्षा प्रणाली को रटने के दायरे से बाहर निकलकर व्यावसायिक कौशलों पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट कहती है कि व्यावसायिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप को पाठ्यक्रम में समाहित किया जाना चाहिए। साथ ही, उचित समय पर कॅरियर परामर्श और मार्गदर्शन छात्रों को उनके शैक्षिक भविष्य के बारे में समझ-बूझकर निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं। रिपोर्ट कहती है कि शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के साथ मेल करके, हम रोजगार क्षमता को बढ़ा सकते हैं और शिक्षा तथा कौशल की असंगतता को कम कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिवर्ष लगभग 70-80 लाख युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। ये युवा विविध आकांक्षाएं, कौशल और आशाएं लेकर आते हैं। यद्यपि शैक्षिक उपलब्धियों में सुधार हुआ है, यानी नामांकन बढ़ा है, ड्रापआउट घटा है, स्नातक और उससे ज्यादा शिक्षा प्राप्त करने की दर में इजाफा हुआ है, तथापि शिक्षा क्षेत्र की इन उपलब्धियों को सार्थक रोजगार में बदलना एक चुनौती बनी हुई है। श्रम बाजार की चुनौतियाँ शिक्षित युवाओं के बीच बढ़ती बेरोजगारी दरों के कारण और भी बढ़ जाती हैं। वर्ष 2000 से 2019 तक युवा बेरोजगारी में तिगुनी वृद्धि हुई, लेकिन वर्ष 2022 में 12.1 प्रतिशत तक गिरने का संकेत एक अस्थिर परिदृश्य को दशार्ता है।

# डीएम व एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न, सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने 236 विधानसभा चित्रकूट के अंतर्गत बल्नरेविल बूथ प्राथमिक विद्यालय बारामाफी, बंदरी एवं 237- विधानसभा मऊ-मानिकपुर के अंतर्गत बल्नरेविल बूथ कंपोजिट विद्यालय डोंडा माफी एवं प्राथमिक विद्यालय रम्पुरिया का औचक निरीक्षण किया। जिसमें विद्यालय परिसर में चैपाल लगाकर ग्राम वासियों से आने वाले लोकसभा के निर्वाचन के दौरान 20 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ग्राम वासियों से निर्वाचन के दौरान आपसी विवादों के बारे में भी जानकारी की। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता किसी के प्रलोभन, डराने धमकाने तथा बहकावे पर नहीं आएंगे, अपने मताधिकार का प्रयोग अपनी स्वेच्छा से करें, कोई व्यक्ति अगर आप लोगों को डराता या धमकाता है तथा प्रलोभन देता है तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराए तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बूथ लेवल ऑफीसरों



को निर्देश दिए कि इस निर्वाचन में 80 प्रतिशत से ऊपर मतदान कराना है। उन्होंने ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए कि बूथों पर मतदान के दिन छाया, पानी आदि सभी व्यवस्था सुनिश्चित करे लें। रम्पुरिया ग्राम के निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान सरैया को निर्देश दिए कि तत्काल बूथ पर रैंप बनवाया जाए। साथ ही अच्छी तरह से इसकी साफ सफाई कार्य कराया जाए। प्रकाश व्यवस्था, पानी आदि सभी रहना चाहिए। चैपाल के दौरान ग्राम वासियों ने पेयजल, विद्युत तथा आवासों के सम्बन्ध में समस्याएं बताईं। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत आप लोगों को जल्द ही शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाएगा। साथ ही विद्युत व्यवस्था भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को भेज कर ठीक कराई जाएगी। आवास के सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिए कि जिन लोगों को आवास नहीं मिला है, उसकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि निर्वाचन के बाद ग्राम वासियों को आवास दिलाया जा सके। उन्होंने बूथ लेवल ऑफीसरों से 85 प्लस मतदाता, मृतक मतदाता, दिव्यांग मतदाता, महिला, पुरुष मतदाता एवं नए मतदाता के सम्बन्ध में जानकारी की। उन्होंने बूथ लेवल ऑफीसरों को निर्देश दिए कि 85 प्लस के जो मतदाता है, अगर वह मतदान केन्द्र पर मतदान करने में असमर्थ हों तो उनके प्रपत्र भरवाकर तत्काल उपलब्ध कराया जाए ताकि मतदान दिवस के दिन उनके मताधिकार का प्रयोग कराया जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने ग्राम वासियों से कहा कि मतदान के दिन 20 मई को आप लोग भय मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, अगर कोई किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मतदान के दिन जनपद के सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराया जाएगा। इसके पूर्व जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने 85 प्लस के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही विद्यालय की छात्राओं से मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक मतदान किए जाने के सम्बन्ध में स्टीकर भी चस्पा कराया गया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, नगर राजकमल, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल सिंह, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, तहसीलदार मानिकपुर अखिल कुमार, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर पीयूष त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी कर्वी कृष्ण दत्त पांडेय, थानाध्यक्ष पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मारकुंडी मनीष कुमार, थानाध्यक्ष मानिकपुर रीता सिंह, चैकी प्रभारी सरैया यदुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के पचोखर गांव के निवासी अमित कुमार मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा ने पुलिस महानिदेश को लिखे पत्र में कहा है कि उनके गांव के ही जय प्रकाश व मिथलेश के पिता जगदीश प्रसाद अध्यापक थे।

प्राथमिक विद्यालय पचोखर में सेवानिवृत्त होने के बाद जगदीश प्रसाद को पेंशन प्राप्त होने लगी थी। इसके बाद 21 दिसम्बर 2015 में उनकी मृत्यु हो गयी। जिसकी सूचना कोषागार कार्यालय में नहीं दी गयी। इसके चलते नवम्बर 2016 तक इण्डियन बैंक पहाड़ी के खाते में पेंशन भेजी जाती रही। स्व जगदीश प्रसाद के पुत्र जय प्रकाश और मिथलेश ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक की मिली भगत से अपने पिता के फर्जी हस्ताक्षर करके खाते की धनराशि दूसरे खाते में ट्रांसफर करा लिया। इसकी जानकारी कोषागार में दिए जाने पर मामले को संज्ञान में लेकर पैसा तो वापस जमा करा लिया गया, किन्तु फर्जीवाड़ा करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया। शिकायतकर्ता ने मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग की है।

## निधन पर शोक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शहर के प्रयागराज रोड़ निवासी मनोज बेलोहा का निधन बीती रात लम्बी बीमार के बाद हो गया। उनके निधन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाशर खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो, धीरज यादव आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता के साथ निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृत पाल कौर के निर्देशानुसार स्वीप योजना के अंतर्गत शनिवार को जनपद के अनेकों स्कूलों एवं कॉलेजों में मतदाता जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

बाबू प्रशांत कुमार इंटर कॉलेज नांदिन कुर्मियांन एवं राजकीय महाविद्यालय पाही चित्रकूट में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय सपहा में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली का



आयोजन करते हुए निबंध व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जबकि केदारनाथ रामस्वरूप महाविद्यालय खटवारा राजपुर में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा मतदाता शपथ ग्रहण करते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में 20 मई को मतदान करने एवं जन सामान्य को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए शपथ ग्रहण की।

## 8 के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले गुड्डू निवासी सकरौंहा, कुलदीप निवासी ऐलहा, चुनकौना निवासी कटरा मजरा गिदुरहा, राजेश निवासी गिदुरहा, जगनारायण निवासी चमरौड़ी, गुलाब पटेल, समरनाथ निवासीगण दराई व भोण्डा निवासी कोटरा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।


# परमात्मा प्रत्येक जीवात्मा के पति है, यही मानवीय जीवन का परम धर्म है : किशोरी शरण

## पतियों के भी पति है परम पिता परमात्मा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफत लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

किशोरी शरण मधुकर महाराज



ने बताया कि जब राजा हिमांचल और रानी मैना अपनी पुत्री माता पार्वती की विदाई करते है तो विदाई में दास दासी, सोना चांदी, रथ घोडे, सोने के बर्तन आदि आदि वस्तुएं देते है, फिर भी इतना सब कुछ देने के बाद राजा हिमांचल भगवान शिव के पैर पकड़ कर रोते हुए प्रार्थना करते है कि हे प्रभु आपको कुछ नही दे पाया, मैं आपके देने लायक नही हूं। इसलिए महाराज ने कहा कि दहेज नहीं लेना चाहिए। माता मैना के बारे में बताते हुए कहा कि जब उनकी लाडली बेटी माता पार्वती विदा होने लगी तो उन्होंने भगवान शिव के पैर पकड़ कर रोने लगी और विनय करने लगी कि मेरी बेटी उमा अत्यंत सुकुमारी और हमारे प्राणों से प्यारी है। इससे कभी कोई भूल हो जाय तो प्रभु इसे क्षमा करिएगा। मां मैना के यह वचन सुन भगवान भोले नाथ भी भावुक हो गए। मां मैना अपनी प्यारी बेटी माता पार्वती को अपनी गोद पर बैठाकर शिक्षा देते हुई कहती है कि हे बेटी आज से अपने पति के चरणो की सेवा करना पति से बड़ा कोई देवता नही होता और पति की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही होता। कथा वाचक ने कहा कि जीवात्मा पार्वती है और परमात्मा उसके पति है। उन्होंने बताया कि पतियों के भी पति परम पिता परमेश्वर हैं। अर्थात प्रत्येक जीवात्मा के पति परमात्मा है। यही मानवीय जीवन का परम धर्म है।

# महाराज गुहराज की धूमधाम से मनाई गई जयंती



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** निषाद पंचमी के दिन प्रभु श्री राम की आत्म बालसखा महराजा गुहराज निषाद का जन्मोत्सव जयदेव दास अखाडा में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य कार्यक्रम संयोजक राममिलन निषाद, प्रांतीय अध्यक्ष निषाद पार्टी कैलाश कुमार निषाद, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार, निषाद पार्टी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राज बहादुर निषाद, संगठन जिलाध्यक्ष राकेश निषाद, आरएनईपी जिलाध्यक्ष शारदा निषाद, द ग्रेट युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद, विधानसभा अध्यक्ष सुमेद निषाद, भारत लाल निषाद, रामबाबू निषाद, दुर्गेश निषाद, कौशांबी युवा नेता राहुल कुमार, शुभम निषाद, दुर्गेश निषाद, भारत निषाद, सुमन निषाद आदि मौजूद रहे।

# शैक्षिक अभिलेख बीएसए कार्यालय से वापस न मिलने पर पीडित पहुंचा डीएम कार्यालय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील क्षेत्र अंतर्गत सकरौली निवासी शिवराम पुत्र राममिलन सोनी जो शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंच जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और बताया कि सन 2017-18 में 12460 शिक्षक भर्ती में काउंसलिंग के दौरान उन्होंने संपूर्ण मार्कशीट व प्रमाण पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चित्रकूट के यहां जमा किए थे। जिसकी प्राप्ति रसीद भी उनके पास है। कोर्ट के आदेशानुसार दिसंबर 2023 में पुनः काउंसलिंग के लिए प्रार्थना पत्र व जमा रशीद देने पर भी शैक्षिक अभिलेख वापस नहीं किए गए और पीड़ित ने बताया कि विभागीय बाबू द्वारा बताया जा रहा है कि आपके दस्ताबेज फेंक दिए गए हैं या जला दिया गया है मिल नहीं रहा जिसकी काफी खोजबीन की गई है, जिसको लेकर आज पीड़ित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है और बीएसए कार्यालय चित्रकूट से शैक्षिक अभिलेख वापस खिलाए जाने की मांग की है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल व मण्डल उपाध्यक्ष ओमनारायण गर्ग के नेतृत्व में तिरहार क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा को ज्ञापन सौंपा।

जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल बघेल के नेतृत्व में तहसील परिसर पहुंचे दर्जनों किसानों की फसल के नुकसान के मुआवजे की मांग की। उप जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही किसानों की समस्याओं का निदान कराया जायेगा। भाकियू मण्डल उपाध्यक्ष ओमनारायण गर्ग ने कहा कि दलहन एवं तिलहन खरीद केन्द्र राजापुर एवं सुरसेन



चौराहे पर खोला जाए। तिरहार क्षेत्र का दायरा बहुत बड़ा है। किसानों को कर्वी गल्ला मंडी तक फसलों को ले जाकर बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसानों को उपज का सही दाम नही मिल पाता। ऐसे में क्रय केन्द्र ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर खोले जाएं।

इस मौके पर बब्बू माली, मनोज द्विवेदी, हरिनारायण, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली कर्वी, चैकी सीतापुर तथा चैकी खोही परिक्रमा मार्ग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कपसेठी में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान राकेश कुमार निवासी कटैया खादर को 265 लीटर कच्ची शराब, 3 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## 265 लीटर कच्ची शराब व 3 क्विंटल लहन बरामद

गिरफ्तारी के दौरान कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह, सीतापुर चैकी उप निरीक्षक मेवालाल मौर्या, सीतापुर चैकी प्रभारी उप निरीक्षक गौरव तिवारी, खोही परिक्रमा मार्ग चैकी प्रभारी उप निरीक्षक रामेश यादव, आरक्षी अतुल परिहार, अमर, महिला आरक्षी सोनी मिश्रा, राखी आदि मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना बहिलपुरवा का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना बहिलपुरवा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में रजिस्टरों का अवलोकन कर उचित रख-रखाव व अद्यवधिक करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर का भ्रमण कर थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह को शस्त्रों का पुलिस लाइन आर्मरी से सत्यापन कराने, प्राइवेट शस्त्रों के रख-रखाव के लिए अलग व्यवस्था किया गया। साथ ही खिडकियों के टूटे शीशों को लगवाने के लिए रिपोर्ट प्रेषित कर साफ-सफाई के लिए निर्देश दिये।

# अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सरधुवा पुलिस टीम ने 3 आरोपियों के कब्जे से 150 लीटर अपमिश्रित व 100 लीटर कच्ची शराब, 15 क्विंटल लहन, शराब बनाने के उपकरण व यूरिया बरामद किया गया।

सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक अशुतोष तिवारी के नेतृत्व में थाना सरधुवा पुलिस टीम ग्राम बक्टा खुर्द में दबिश दी गयी। जिसमें संतोष कुमार निषाद व आरती निवासीगण बक्टा बुजुर्ग को 150 लीटर अपमिश्रि कच्ची शराब, 15 क्विंटल लहन, शराब बनाने के उपकरण तथा यूरिया व नौसादर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद लहन व भट्टी मौके पर नष्ट की गयी। इसी प्रकार गायत्री निषाद निवासी बक्टा खुर्द को 100 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक मुन्नीलाल, शिवमणि मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद, आरक्षी दिनेश यादव, धर्मेन्द्र द्वितीय, ललित सोनी, महिला आरक्षी रचना प्रजापति, श्यामलली आदि मौजूद रहे।

## यमुना नदी में डूबने से बालक की मौत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मऊ थानांतर्गत बरहा कोटरा में यमुना नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बरहा कोटरा में यमुना नदी के किनारे गांव के दर्जनों लोग दिन शनिवार को सुबह नहा रहे थे की तभी गांव का अंशू पुत्र शैलेंद्र निवासी बरहा कोटरा उम्र तीन वर्ष अपनी बहन के साथ यमुना नदी में नहाने लगा। अंशु पानी की गहराई में चला गया जिससे वह डूब गया। अपने इकलौते भाई को डूबता देख उसकी बहन तेजी से चिल्लाने लगी। जिससे आस पास के लोग डूब चुके अंशु की खोजबीन में जुट गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद बालक को नदी से निकाल आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में ले आए। जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची मऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मां सविता देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

# पाकिस्तान एशिया का सबसे महंगा देश, पढ़िए एडीबी की रिपोर्ट



**पाकिस्तानः** पाकिस्तान में चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत होने की उम्मीद है , जो पूरे एशिया में सबसे अधिक है। मनीला स्थित ऋण एजेंसी ने यह निष्कर्ष निकाला है। एजेंसी के अनुसार यह पाकिस्तान एशिया का सबसे महंगा देश है। पहले, पाकिस्तान में रहने की लागत दक्षिण एशिया में सबसे अधिक थी। पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ पूरे एशिया में रहने की लागत सबसे अधिक है। इसकी अर्थव्यवस्था क्षेत्र में 1.9 प्रतिशत की चौथी सबसे कम गति से बढ़ सकती है। एशियाई विकास बैंक ( अऊइ ) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, यह रिपोर्ट गुरुवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में जारी की गई।

**पांचवीं सबसे कम**

एशियाई विकास आउटलुक ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए भी एक निराशाजनक तस्वीर पेश की है, जिसमें अगले वित्तीय वर्ष के लिए 15 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगाया गया है -जो फिर से 46 देशों में सबसे अधिक और 2.8 प्रतिशत की विकास दर - वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पांचवीं सबसे कम है।

**पाकिस्तान मंदी के दौर में**

पाकिस्तान लंबे समय से मुद्रास्फीति जनित मंदी के दौर में है और विश्व बैंक ने भी पिछले सप्ताह कहा था कि किसी भी प्रतिकूल झटके के कारण अन्य 10 मिलियन लोग गरीबी के जाल में फंस सकते हैं। पाकिस्तान में लगभग 98 मिलियन लोग पहले से ही गरीबी का जीवन जी रहे हैं।

**चुनौतियों का सामना करना जारी रहेगा**

अतीत में, एडीबी ने पाकिस्तान के आधिकारिक पूवार्नुमानों के करीब एक आशावादी आर्थिक परिदृश्य दिया था। हालांकि, नवीनतम एडीबी रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान को नई बाहरी वित्तपोषण आवश्यकताओं और पुराने ऋण के रोलओवर से चुनौतियों का सामना करना जारी रहेगा, जो तंग वैश्विक मौद्रिक स्थितियों के कारण और बढ़ गई है।

**संवितरण महत्वपूर्ण**

मनीला स्थित ऋणदाता ने कहा कि राजनीतिक अनिश्चितता ने व्यापक आर्थिक नीति निर्माण को प्रभावित किया है, स्थिरीकरण और सुधार प्रयासों की स्थिरता के लिए एक प्रमुख जोखिम बना रहेगा। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान की बड़ी बाहरी वित्तपोषण आवश्यकताओं और कमजोर बाहरी बफर के साथ, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय भागीदारों से संवितरण महत्वपूर्ण बना हुआ है।

**संभावित अनुवर्ती कार्यक्रम के लिए चर्चा**

रिपोर्ट में कहा गया है, "मध्यम अवधि के सुधार एजेंडे के लिए आईएमएफ के आगे के समर्थन से बाजार की धारणा में काफी सुधार होगा और अन्य स्रोतों से किफायती बाहरी वित्तपोषण को बढ़ावा मिलेगा। इधर पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब नए बेलआउट पैकेज का अनुरोध करने के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन में आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से मुलाकात करने वाले हैं। आईएमएफ एमडी ने इस सप्ताह कहा कि पाकिस्तान संभावित अनुवर्ती कार्यक्रम के लिए चर्चा कर रहा है।

**बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे**

हालाँकि, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हल करने के लिए "बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे" हैं और कर आधार, समाज के अमीर हिस्से ने अर्थव्यवस्था में कैसे योगदान दिया, जिस तरह से सार्वजनिक खर्च को निर्देशित किया जा रहा है, और अधिक पारदर्शी वातावरण बनाना होगा।

**घरेलू मांग पर लगाम लगेगी**

एडीबी ने कहा कि कम आत्मविश्वास, रहने की लागत में वृद्धि और आईएमएफ कार्यक्रम के तहत सख्त व्यापक आर्थिक नीतियों के कार्यान्वयन से पाकिस्तान में घरेलू मांग पर लगाम लगेगी।र

**पाकिस्तान दोनों बजट लक्ष्यों से चूकेगा**

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024 में 0.4 प्रतिशत का प्राथमिक अधिशेष और सकल घरेलू उत्पाद का 7.5 प्रतिशत का समग्र घाटा हासिल करना था, जिसमें बाद के वर्षों में धीरे-धीरे गिरावट आएगी। हालाँकि, विश्व बैंक ने पिछले सप्ताह कहा था कि पाकिस्तान इन दोनों बजट लक्ष्यों से चूक जाएगा।

# दुनिया में 74 लाख टन प्लास्टिक कचरे का नहीं हुआ निपटारा, ज़िम्मेदार 12 देशों में भारत भी शामिल




**नई दिल्ली**

भारत दुनिया में 60 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे के कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार 12 देशों में से एक है। हालांकि भारत का प्रति व्यक्ति प्लास्टिक कचरा उत्पादन दुनिया में सबसे कम है, जिसके कारण भारत को कम अपशिष्ट उत्पादक प्रदूषक के रूप में वगीर्कृत किया गया है, लेकिन एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में देश का 74 लाख टन कचरा बिना प्रबंधन के रहने का अनुमान है जो काफी अधिक है। स्विस गैर-लाभकारी संस्था ह्यईए अर्थ एक्शन की प्लास्टिक ओवरशूट डे रिपोर्ट में बताया गया कि 2021 के बाद से वैश्विक प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन में 7.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अनुमान है कि इस वर्ष दुनिया में 22 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ है, जिसमें से 7 करोड़ टन अंततः पर्यावरण को प्रदूषित करेगा।

**वर्तमान और भविष्य दोनों खतरनाक**

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति व्यक्ति प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन हर साल 8 किलोग्राम प्रति व्यक्ति) के हिसाब से कम होने की वजह से भारत को कम कचरा उत्पादक प्रदूषक के रूप में रखा गया है। 2024 में देश का 74 लाख टन कचरा बिना प्रबंधन के रहने की वजह भी 12 देशों में भारत भी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर्यावरण में लगभग 3,91,879 टन माइक्रोप्लास्टिक और पानी के रास्तों में 31,483 टन रसायन छोड़ सकता है। जो वर्तमान और आने वाले समय के बेहद खरतनाक साबित हो सकता है। इस लिए इसके निस्तारण के लिए एक बड़ी योजना तो बनानी ही होगी साथ ही इन जिम्मेदार देशों को भी आगे आकर अपनी गलती सुधारनी होगी

**बेल्जियम के लोग सबसे ज्यादा फैलाते हैं कचरा**

रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 60 प्रतिशत कुप्रबंधित प्लास्टिक कचरे के लिए जिम्मेदार 12 देशों में चीन, भारत, रूस, ब्राजील, मैक्सिको, वियतनाम, ईरान, इंडोनेशिया, मिस्र, पाकिस्तान, अमरीका और तुर्की हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बेल्जियम के नागरिक सबसे अधिक प्लास्टिक कचरे का उत्पादन करते हैं। यह रिपोर्ट कनाडा के ओटावा में संयुक्त राष्ट्र की अंतर सरकारी वार्ता समिति की चौथी बैठक से पहले आई है। वैश्विक नेता प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी उपाय विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# नेपाल: प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तो करनी होगी भरपाई

**काठमांडू।** नेपाल में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर इसकी भरपाई आयोजक व्यक्ति, संगठन अथवा राजनीतिक दल की तरफ से कराई जाएगी।

नेपाल के गृह मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि देशभर में किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन या जुलूस के दौरान एकत्रित भीड़ के द्वारा किसी भी प्रकार के निजी या सरकारी संपत्ति को नुकसान होने पर इसकी भरपाई आयोजक व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक दल को करनी होगी। सरकार ने देशभर के जिला प्रशासन कार्यालय को यह निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आज से सरकार के इस फैसले का सख्ती से पालन किया जाए।

गृहमंत्री रवि लामिछाने ने नेपाली नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पत्रकारों को बताया कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन करना नैसर्गिक अधिकार है। इसलिए काठमांडू के कई इलाकों में पिछले कुछ महीनों से लगाए गए निषेधित क्षेत्र के बोर्ड को हटा लिया गया है। गृहमंत्री ने कहा कि विरोध प्रदर्शन करने की छूट देने के साथ ही सरकार ने सार्वजनिक और निजी संपत्ति के नुकसान की भरपाई आयोजक से कराने का फैसला लिया है।

# रमजान के दौरान कराची में डकैती का विरोध करने पर 19 लोगों की हत्या, 55 घायल

**कराची।** पाकिस्तान में रमजान के दौरान अपराध में बढ़ोतरी देखा गया। इसी क्रम में कराची में रमजान में डकैतियों के विरोध के परिणामस्वरूप 19 मौतें हुई और 55 लोग घायल हुए। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि डकैती की कोशिश के दौरान कराची में 19 नागरिकों की मौत हो गई। वारदात में शामिल लुटेरे हथियार से लैस थे। इस साल शहर में डकैती से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय बढ़त देखी गई है, जो कुल मिलाकर 56 हो गई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसकी तुलना में पिछले साल इसी अवधि में डकैतियों के खिलाफ प्रतिरोध के कारण 25 मौतें हुईं थी और 110 घायल हुए थे। 2023 में आंकड़े चिंताजनक रूप से अधिक थे समान परिस्थितियों के कारण 108 मौतें और 469 घायल हुए थे।

कराची पुलिस ने इस वर्ष लुटेरों के साथ 425 मुठभेड़ की, जिसमें 55 डकैत मारे गए और 439 घायल हो गए। नागरिक-पुलिस संपर्क समिति (सीपीएलसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के पहले तीन महीनों में 22,627 अपराध दर्ज किए गए, जिनमें 59 मौतें और डकैती प्रतिरोध से उत्पन्न 700 से अधिक का घायल होना शामिल हैं।

इसके अलावा इस अवधि में 373 कारें, 15,968 मोटरसाइकिलें और 6,102 मोबाइल फोन चोरी या छीने जाने की सूचना मिली।

रिपोर्ट के अनुसार, सीपीएलसी रिपोर्ट में कराची में 25 जबरन वसूली की घटनाओं और फिरौती के लिए अपहरण के पांच मामलों का भी दस्तावेजीकरण किया गया है। कराची के पुलिस प्रमुख अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब ने शहर के अपराध के एक महत्वपूर्ण हिस्से के लिए बाहरी लोगों को जिम्मेदार ठहराया, जिनमें आंतरिक सिंध और बलूचिस्तान के लोग भी शामिल थे। याकूब ने कहा कि शहर में प्रति दिन 166 मामलों की दैनिक अपराध दर, पाकिस्तान के अन्य प्रमुख शहरों की तुलना में तुलनात्मक रूप से कम है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि लगभग 4,00,000 "पेशेवर" भिखारी और आपराधिक तत्व रमजान और ईद-उल-फितर के दौरान कराची में आते हैं।

# JLF में शामिल हो चुकी कमाल की एनआरआई राइटर है यह महिला, जानिए सक्सेस स्टोरी

**नई दिल्लीः** नई दिल्ली से ताल्लुक रखने वाली विलक्षण प्रवासी भारतीय साहित्यकार वातायन-यूके की संस्थापक हैं दिव्या माथुर (ऊ५८ टइँ४१) । जानते हैं उनकी सक्सेस स्टोरी। वे एक वरिष्ठ और बहु-पुरस्कृत लेखिका और अनुवादक हैं, जिन्हें पिछले दो दशकों के दौरान भारत और ब्रिटेन ( इ११३ल्ल) की सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं की ओर से सम्मानित किया जा चुका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान, वातायन ने 175 से भी अधिक सुन्दर और सार्थक संगोष्ठियों का आयोजन कर एक अप्रतिम रिकॉर्ड कायम किया है, यह सिलसिला आज भी जारी है। आज विश्व भर के लेखक, कलाकार और श्रोता इन कार्यक्रमों में भाग लेते हैं।

मेडिकल-आशुलिपि ईजाद की

छंशी२३ ठफक ठी६२ल्ल ठल्ल्र्ाः दिव्या माथुर का जन्म 23 मई 1949 में दिल्ली हुआ। वे स्नातकोत्तर (अंग्रेजी), आई.टी.आई-दिल्ली से साचिविक-उपाधि पत्र हैं और उन्होंने चिकित्सा-पत्रकारिता दिल्ली में की और ग्लासगो पॉलिटेक्निक्स से चिकित्सा-आशुलिपि का स्वतंत्र अध्ययन किया है। वे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान ( ठी६ ऊीह्ल अे२) में चिकित्सा-आशुलिपिक (1971-1985) रहीं, जहां उन्होंने नेत्र-विज्ञान से संबंधित शब्दावली का अध्ययन किया और अपनी और नेत्र-विशेषज्ञों की सुविधा के लिए मेडिकल-आशुलिपि ईजाद की। वहीं निजी तौर पर नेत्रहीनों/अक्षम मरीजों की मदद की, जिन्हें केंद्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता था। उन्होंने पोषण, नेत्र-रोग, नेत्रहीनता और नेत्र-दान आदि पर अगनित लेख भी लिखे, जो समय समय पर प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में छपे।

**नेहरू सेंटर-लन्दन में सेवाएं**

: वे 1985 में भारतीय उच्चायोग-लंदन से जुड़ीं और सन 1992 में डॉ गोपालकृष्ण गांधी के प्रोत्साहन पर उन्होंने नेहरू सेंटर-लन्दन ( में पुस्तकाध्यक्ष/वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का पद सम्भाला और उसकी स्थापना में योगदान दिया। उनके उत्कृष्ट योगदान और नवरचना के लिए उन्हें आर्ट्स-कौंसिल ऑफ इंग्लैंड ( अ१३२ उङ्घ४ल्लूह्ल ङ्घ एल्लॅह्लंल्ला) ने आर्ट्स-अचीवर ( अ१३२ अूँ५ी१) के सम्मान से सुशोभित किया गया। उनका लन्दन के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन मे अपूर्व योगदान रहा है। स्वतंत्र लेखन-अध्ययन और वातायन के कार्यक्रमों के अतिरिक्त आजकल वे हैदर-क्लब फॉर डिमेंशिया व 'हट्र्स विजन-लॉस में स्वयंसेविका के रूप में कार्यरत हैं।

**साहित्यिक उपलब्धियां**

दिव्या माथुर अंतरराष्ट्रीय वातायन कविता संस्था की संस्थापक, रॉयल सोसाइटी ऑफ आर्ट्स की फैलो, ब्रिटिश-लाइब्रेरी की 'फ्रेंड' और आशा फाउंडेशन की संस्थापक-सदस्य, चारनवुड-आर्ट्स (लफबरा) और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई की सलाहकार, पेन-फॉउंडेशन की सहयोगी, अक्षरम संस्था और सर सय्यद फाउंडेशन की सदस्य हैं। वे यू.के. हिन्दी समिति की उपाध्यक्ष और कथा-यूके की अध्यक्ष, लंदन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन-2000 की सांस्कृतिक अध्यक्ष रह चुकी हैं।

**आमंत्रित व संपादन-मंडल में शामिल**

उन्हें जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल , विश्व-रंग-भोपाल, कोलंबिया विश्वविद्यालय-न्यूयॉर्क, महात्मा गांधी हिंदी विश्विद्यालय-वर्धा, जैसे अनगिनत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सलनों और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की ओर से आमंत्रित किया जा चुका है। वे 'प्रवासी टुडे' की प्रबंध-सम्पादक और कई महत्वपूर्ण प्रवासी पत्रिकाओं - पुरवाई, विश्व विवेक,



अक्षरम - आदि के संपादन-मंडल में भी शामिल रही हैं।

**हिन्दी के प्रचार-प्रसार से जुड़ी हैं**

दिव्या माथुर सन 2003 में स्थापित, वातायन-यूके, और उसके पूर्व 1985 से वह हिन्दी के प्रचार-प्रसार में 1985 से जुड़ीं हैं। वे भारतीय उच्चायोग-लन्दन के फ्रेडरिक-पिन्कॉट पुरस्कार से सम्मानित की जा चुकी हैं। वातायन संस्था ने पिछले 19 वर्षों में कई ऐतिहासिक कार्यक्रम किए हैं, जिसमें भारत और अन्य देशों के कवियों, लेखकों और प्रकाशकों निदा फाजली, प्रसून जोशी, जावेद अख्तर, राजेश रेड्डी, कुंवर बेचैन, अरुण माहेश्वरी, पुष्पिता अवस्थी, लक्ष्मीशंकर वाजपेयी, डॉ मधु चतुर्वेदी, अनिल शर्मा-जोशी और योगेश पटेल आदि को सम्मानित किया जा चुका है।

**उनकी प्रकाशित कृतियाँ उपन्यास**

उपन्यासः तिलिस्म और ह्यशाम भर बातेंह्ल (दिल्ली विश्विद्यालय के पाठ्यक्रमों में शामिल) हैं और बाल उपन्यासः बिन्नी बुआ का बिल्ला, कहानी संग्रहः कोरोना चिल्ला, मेड-इन-इंडिया, हिंदी@स्वर्ग.इन, 2050, पंगा, आक्रोश, जहरमोहरा (उर्दू में) और दि गेम ऑफ प्रीटेन्स (अंग्रेजी में) ; कविता संग्रहः अंतःसलिला, खयाल तेरा, रेत का लिखा, 11 सितंबर, चंदन पानी, झूठ, झूठ और झूठ, जीवन हा मृत्यु; बाल कविता संग्रहः सिया-सिया। अँग्रेजी से/में संपादनः, इक सफर साथ-साथ, तनाव (दो खंड)।

**उनकी नेटिव सेंटस**

उनकी पांच बाल-पुस्तकों का काव्यानुवाद हो चुका है। वे उन्हें नेशनल फिल्म थिएटर के लिए सत्यजीत रे के फिल्म रैट्रो और बीबीसी की ओर से निर्मित कैंसर पर बनी एक डाक्युमेंट्री का रूपांतर कर चुकी हैं। आक्रोश, औडिस्सी व आशा संग्रहों के पेपरबैक संस्करण आ चुके हैं। नेत्रहीनता विषय पर लिखीं उनकी रचनाएं ब्रेल-लिपि में प्रकाशित हो चुकी हैं।

25 बेहतरीन कहानीकारों में शामिल उन्हें 'नया ज्ञानोदय' की ओर से 'पिछले पचास वर्षों की सर्वश्रेष्ठ कहानियों' और 'सन्डे-इंडियंस' की ओर से हिन्दी की 25 बेहतरीन कहानीकारों में शामिल किया जा चुका है।

बहुत सी भाषाओं में भी अनूदित और प्रकाशित, उनकी कहानियाँ और कविताएं महत्वपूर्ण संग्रहों में सम्मिलित हैं।

**नाटक/ फिल्मः नाटक**

दिव्या माथुर की कहानी अनिल जोशी की ओर से 2050, के नाट्य रूपांतरण, ह्यफ्यूचर परफेक्ट - इदम पूर्णमह्ल की वयम नाट्य संस्था की ओर से अक्षरा थिएटर दिल्ली में प्रस्तुति की गई। पॉल रौबसन की ओर से 'ठस्त्र३ी-श-३स्त्र३ी' और 'ठुल्ला किलब' नाटकों का मंचन सफल रहा है। दिल्ली दूरदर्शन ने उनकी कहानी, सांप सीढ़ी, पर एक फिल्म बनाई है। डॉ निखिल कौशिक की ओर से उनकी सांस्कृतिक और लेखकीय गतिविधियों पर एक फिल्म, घर से घर तक का सफर, बनाई गई है, जिसे अंतरराष्ट्रीय फिल्म-उत्सवों में शामिल किया जा चुका है।

प्रवासी गीतों का एलबम

दिव्या माथुर वतन की खुशबू के संपादन के अतिरिक्त प्रसिद्ध गायक गायिकाएं राधिका चौपड़ा, रीना भारद्वाज, कविता सेठ और सतनामसिंह दिव्या की गजलें और गीत गा चुके हैं। कला-संगम की निदेशक डॉ गीता उपाध्याय के नर्तकों की ओर से उनकी कविताओं पर आधारित एक अभूतवपूर्व नाटिका, एक बौनी बूँद, की कार्टराइट म्यूजियम-ब्रैडफर्ड में प्रस्तुति की जा चुकी है। उन्हें स्थानीय टीवी, सनराइज, बीबीसी रेडियो, आकाशवाणी भवन और दिल्ली-दूरदर्शन पर नियमित रूप से आमंत्रित किया जाता रहा है।

**पुरस्कार व सम्मान**

वे केंद्रीय हिंदी संस्थान की ओर से पद्मभूषण मोटुरी सत्यनारायण पुरस्कार, आर्टस काउंसिल ऑफ इग्लैंड का कला-साधना-सम्मान व प्रथम वनमाली कथा सम्मान से पुरस्कृत हैं। उन्हें दिल्ली के कई महाविद्यालयों सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों की ओर से आमंत्रित व सम्मानित किया जा चुका है। इस सूची में कोलंबिया-न्यूयॉर्क, (स्पेन), कोलंबिया-न्यूयॉर्क, राजस्थान, अंडमान निकोबार, जे.एन.यू-पोर्टब्लेयर, टैगोर-विश्वरंग-भोपाल, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक , रायपुर, अमृतसर-पंजाब, हरियाणा व कोलकाता इत्यादि शामिल हैं।

**ये सम्मान भी मिले**

दिव्या माथुर को कथाकार मन्नू भंडारी हिन्दी साधिका सम्मान, उदभव मानव सेवा सांस्कृतिक सम्मान; भारत सम्मान, डॉ हरिवंशराय बच्चन लेखन सम्मान, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार, अंतरराष्ट्रीय फिल्म-उत्सव सम्मान, कथा यू.के. पदमानंद साहित्य सम्मान, यू.के हिंदी समिति का संस्कृति सेवा सम्मान, अक्षरम का प्रवासी साहित्य सम्मान, चिन्मय मिशन का वैयक्तिक उत्प्रेरणा और समर्पण सम्मान, पोइम्स-फॉर-दि-वेटिंग रूम-यूके, इंटरनेशनल लाइब्रेरी ऑफ पोएट्री-अमरीका के उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार, काव्यरंग (नाटिंघम) सम्मान आदि से नवाजा जा चुका है। इसके अलावा 'पल्स', ह्यसाहित्य-समर्थाह्ल और गृहस्वामिनीह्ल जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के अंक उन्हें समर्पित हैं। उनका नाम ह्यइक्कीसवीं सदी की प्रेरक महिलाएंह्ल, आर्ट्स कॉउंसिल ऑफ इंग्लैण्ड की 'वेटिंग-रूम में कविता', ह्यएशियंस हूज हू', ह्यविकिपीडियाह्ल और 'सीक्रेट्स ऑफ वर्ड्स इंस्पिरेशनल वीमेन' जैसे ग्रंथों में सम्मलित हैं।

अध्ययन व अनुसंधान?

दिव्या की रचनाएं कई विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल हैं और उनकी कई कृतियों का अध्ययन किया जा रहा है। उनका उपन्यास 'शाम भर बातें' दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रावीण्य पाठ्यक्रम में शामिल है। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा-मद्रास के अतुल यादव की ओर से 'दिव्या माथुर कृत उपन्यास 'शाम भर बातों' में प्रवासी भारतीयों की जिंदगी का यथार्थ' पर एम.फिल, उप्साला-विश्वविद्यालय -स्वीडन के मन्ने एकडल की ओर से 'दिव्या माथुर की कहानियों का विश्लेषण' व अनुवाद हो चुका है । मुंबई विश्वविद्यालयों के कई छात्रों की ओर से 'दिव्या माथुर के समग्र साहित्य में संघर्षरत नारी-चित्रण' व 'प्रवासी साहित्यकार दिव्या माथुर के साहित्य में मानवीय मूल्य' और कानपुर विश्वविद्यालय की डॉ अर्चनादेवी की ओर से पीएचडी, गुरुनानक देव विश्वविद्यालय-अमृतसर के कई छात्रों की ओर से एम.फिल आदि की जा चुकी हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तान के खैबर जिले में ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को गिराया गया

**पेशावर।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को गिरा दिया गया है। मंदिर को गिराने के बाद वहां वाणिज्यिक परिसर का निर्माण शुरू हो गया है। मंदिर 1947 से इसके मूल निवासियों के भारत चले जाने के बाद से बंद था।

खैबर जिले के सीमावर्ती शहर लैंडी कोटाल बाजार में ह्यखैबर मंदिरह्ल था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा था। इस स्थान पर निर्माण करीब 10-15 दिन पहले शुरू हुआ। विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों ने या तो हिंदू मंदिर के अस्तित्व के बारे में



जानकारी होने से इनकार किया या दावा किया कि निर्माण नियमों के अनुसार हो रहा है।

लैंडी कोटाल निवासी प्रमुख कबायली पत्रकार इब्राहिम शिनवारी ने दावा किया कि मुख्य लैंडी कोटाल बाजार में एक ऐतिहासिक मंदिर था। उन्होंने कहा, ह्लमंदिर लैंडी कोटाल बाजार के केंद्र में स्थित था, जिसे 1947 में स्थानीय हिंदू परिवारों के भारत चले जाने के बाद बंद कर दिया गया था। 1992 में भारत में अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद कुछ मौलवियों और मदरसों ने इसे आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया था।

इब्राहिम ने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूर्वजों से इस मंदिर के बारे में अनेक कहानियां सुनीं। उन्होंने कहा, इस बात में कोई संदेह नहीं है कि लैंडी कोटाल में ह्यखैबर मंदिरह्ल नाम का एक धर्मस्थल था।

पाकिस्तान हिंदू मंदिर प्रबंधन समिति के हारून सरबदियाल ने जोर देकर कहा कि गैर-मुसलमानों के लिए धार्मिक महत्व की ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा और पुनर्वास सुनिश्चित करना जिला प्रशासन और संबंधित सरकारी विभागों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, पुलिस, संस्कृति विभाग और स्थानीय सरकार पूजा स्थलों सहित ऐसे स्थलों की सुरक्षा के लिए 2016 के पुरावशेष कानून से बंधे हैं।

वहीं, लैंडी कोटाल के सहायक आयुक्त मुहम्मद इरशाद ने कहा कि खैबर कबायली जिले के आधिकारिक भूमि रिकॉर्ड में मंदिर का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने मंदिर गिराये जाने के बारे में अनभिज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा, लैंडी कोटाल बाजार में पूरी जमीन राज्य की थी। लैंडी कोटाल के पटवारी जमाल आफरीदी ने दावा किया कि उन्हें मंदिर स्थल पर निर्माण गतिविधि की जानकारी नहीं है।